# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार, 14 अगस्त 2025



आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹73010/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹89170/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹97337/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels

Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### दिल्ली हवाई अड्डे पर कल अनिर्धारित उड़ानें बैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर 15 अगस्त को निर्दिष्ट अवधि में उन उड़ानों को उतरने या




उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो पहले से निर्धारित नहीं होंगी। ये प्रतिबंध स्वतंत्रता दिवस पर सुबह छह बजे से 10 बजे तक और शाम चार बजे से सात बजे तक लागू रहेंगे। विशेष उड़ानों पर भी लागू होंगे।

### 1.46 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कोकीन और एमडीएमए बरामद किए हैं। इसका कुल बाजार मूल्य 1.46 करोड़ रुपए बताया गया है। मादक पदार्थ निरोधी दस्ते की कांदिवली इकाई ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर मंगलवार को यह कार्रवाई की। जुहू स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के पास एक जाल बिछाया गया। 30-वर्षीय एक व्यक्ति के मौके पर पहुंचने के बाद उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान व्यक्ति के पास से 143 ग्राम कोकीन और 13 ग्राम एक्स्टसी बरामद हुई।

### महिला की हत्या, पति और दो सौतेले बेटों को उम्रकैद

**झांसी।** झांसी जिले की एक अदालत ने एक महिला की हत्या के अपराध में उसके पति और दो



सौतेले बेटों को आजीवन कारावास एवं एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के झरना गेट निवासी 80 वर्षीय सुदामा प्रसाद यादव का पहला विवाह विश्वा देवी और दूसरा विवाह शिवा देवी के साथ हुआ था।

### बस-ट्रक की टक्कर में 5 की मौत, 15 घायल

**जौनपुर।** जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास एक रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में दो साल की बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई। लगभग 15 अन्य घायल हो गए। घटना मंगलवार रात खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास हुई। दुर्घटना रात करीब साढ़े 10 बजे हुई जब जौनपुर से आ रही बस और शाहगंज से आ रहे एक ट्रक की आपस में टक्कर हो गई। मृतकों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल है।

### जानी-मानी बांग्ला अदाकारा बसंती चटर्जी का निधन

**कोलकाता।** जानी-मानी बंगाली अदाकारा बसंती चटर्जी का मंगलवार रात यहां उनके घर पर निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं।



'पश्चिम बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट्स फोरम' के एक प्रवक्ता ने बताया कि चटर्जी लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थीं। वह एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में महीनों तक भर्ती रहीं और बाद में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी।

---

*मंत्रिमंडल और निगम-मंडलों में पद पाने वाले शामिल नहीं, नए लोगों को मौका*

# एक व्यक्ति-एक पद के फार्मूले से तैयार हुई टीम किरण, युवा और नए चेहरों पर दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया। कार्यकारिणी में 47 पदाधिकारियों की नियुक्ति की, उसमें अधिकतर नए चेहरों को जगह मिली है। पुरानी टीम के कई दिग्गजों को बाहर कर दिया गया है। मंत्रिमंडल और निगम-मंडल, आयोग में जिन्हें पद और जिम्मेदारी दी गईं, उन्हें कार्यकारिणी में जगह नहीं दी गई है। ऐसे दिग्गज नेताओं की संख्या 22 है, इनमें केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, भूपेंद्र सवन्नी, अनुराग सिंहदेव, संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, केदारनाथ गुप्ता अधिक लोगों को पुरानी कार्यकारिणी में जिम्मेदारी दी गई थी। अब उनके स्थान पर संगठन में युवा और नए चेहरों को शामिल किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा राज्य में एक व्यक्ति एक पद के फार्मूले की ओर बढ़ रही है। नई कार्यकारिणी में दो दर्जन से ज्यादा ▶▶|शेष पेज 6 पर

- भाजयुमो, महिला मोर्चा समेत कई बड़े बदलाव, कार्यालय का चेहरा भी बदला

### नवीन किए गए प्रमोट



प्रदेश कार्यकारिणी में महामंत्री के पद पर जो नियुक्ति की गई है, उनमें एससी वर्ग से नवीन मारकंडे, ओबीसी वर्ग से अखिलेश सोनी और अल्पसंख्यक वर्ग से यशवंत जैन को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष सामान्य वर्ग से होने के कारण महामंत्री इस वर्ग से नहीं बनाया गया है।

### हेमंत को मीडिया का जिम्मा



मीडिया संयोजक के रूप में हेमंत पाणिग्रही का नाम शामिल किया गया है। हेमंत लंबे समय से संगठन में अलग-अलग भूमिकाएं निभा रहे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ाव रखने वाले हेमंत पर पार्टी ने भरोसा कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

### बजाज कार्यालय प्रभारी



प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यालय प्रभारी के पद पर अशोक बजाज को जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व में नरेश चंद्र गुप्ता इसका दायित्व संभाल रहे थे। वहीं सह प्रभारी रजनीश शुक्ला के स्थान पर प्रीतेश गांधी को नियुक्त किया गया है।

### भगत बाहर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बने टिकरिहा



कथित तौर पर पार्टी विरोधी टिप्पणियों से चर्चा में भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत को हटा दिया गया है। उनकी जगह बेमेतरा जिला पंचायत के सभापति राहुल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### महिला मोर्चा को मिला नया चेहरा



विभा अवस्थी बीजेपी महिला मोर्चा की तेज तर्रार नेत्री हैं। इसके पहले महिला मोर्चा में प्रदेश महामंत्री थीं। संगठन के अलग दायित्वों का निर्वहन किया। पूर्व रेलवे बोर्ड में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नंदन जैन की जगह अब गर्ग कोषाध्यक्ष



प्रदेश संगठन में नंदन जैन कोषाध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। उन्हें प्रमोट कर अब उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चंद्राकर के स्थान पर पांडेय बने मुख्य प्रवक्ता



प्रदेश भाजपा की पुरानी कार्यकारणी में मुख्य प्रवक्ता के पद पर अजय चंद्राकर काम देख रहे थे। अब उनके स्थान पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश प्रवक्ता के लिए जो नाम आए हैं, उनमें प्रमोद शर्मा का नाम जोड़ा गया है। प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास का नाम सूची से हटाया गया है। अन्य नाम जो पहले प्रदेश प्रवक्ता के पद पर थे, उनमें राजेश मूणत, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, कई नाम पुरानी कार्यकारिणी में भी थे, उनके स्थान पर नए चेहरों को जगह दी गई है।

**—तीन महामंत्री, आठ उपाध्यक्ष समेत 47 पदाधिकारी—**

## राहुल बने भाजयुमो अध्यक्ष, विभा को महिला मोर्चा की कमान, हेमंत मीडिया संयोजक



अशोक साहू



आलोक सिंह ठाकुर



प्रीतेश गांधी



हर्षिता पाण्डेय

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह की नई टीम का आखिरकार ऐलान हो गया। उनकी जंबो टीम में 47 नए पदाधिकारी बनाए गए हैं। नई कार्यकारिणी में कई पुराने चेहरे गायब हो गए और नए को मौका दिया गया है। मसलन भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत की जगह राहुल योगराज टिकरिहा को बनाया गया है। विभा अवस्थी को मिला मोर्चा की कमान मिली है। नई टीम में संतोष पांडेय को मुख्य प्रवक्ता और हेमंत पाणिग्रही को मीडिया संयोजक बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 7 मोर्चा और प्रकोष्ठों की घोषणा

राहुल योगराज टिकरिहा को प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, विभा अवस्थी को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, अशोक साहू को प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, आलोक सिंह ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष किसान ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सीएम साय ने दी बधाई



सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट किया है कि छत्तीसगढ़ भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके अनुभव, ऊर्जा और समर्पण से संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और प्रदेश में सुशासन व विकास का संकल्प और मजबूत होगा।

### भूपेश बघेल ने कसा तंज



भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष का पद राहुल योगीराज को देने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि रवि भगत को कीमत चुकानी पड़ी! छत्तीसगढ़ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने "अडानी संचार विभाग" के प्रवक्ता (वर्तमान मंत्री) से ▶▶|शेष पेज 6 पर

---

## तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का संदेश

**रायपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को रायपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहीद स्मारक भवन से तेलीबांधा तक निकली इस यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए और हजारों नागरिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा, तिरंगा हमारी आन-बान-शान है, इसकी रक्षा और मान-सम्मान के लिए हर नागरिक को दृढ़संकल्पित होना चाहिए। यात्रा में सांसद, विधायक समेत कई जनप्रतिनिध, अधिकारी शामिल हुए।



## बाइक चलाते समय आया हार्टअटैक, गिरकर युवक की मौत

### रिंग रोड पर हुई घटना, सीसीटीवी वीडियो आया सामने

**अंबिकापुर।** बुधवार की दोपहर बाइक चलाते समय युवक को हार्टअटैक आ गया। हार्टअटैक आने के बाद युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने किसी तरह ऑटो में युवक को अस्पताल पहुंचया । इस घटना का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है।

बता दें कि देश भर में युवाओं में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और कभी जिम तो कभी डांस करते समय लोगों की हार्ट अटैक से मौत के वीडियो सामने आते रहते हैं। इस बीच बुधवार को शहर के रिंग रोड में भी एक युवक की हार्टअटैक से मौत का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि मूलतः बतौली गोविन्दपुर निवासी 37 वर्षीय सिविल तिर्की आ. सुबेलाल ▶▶|शेष पेज 6 पर



### एक घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस

बताया जा रहा है कि युवक हार्टअटैक आने से जमीन पर गिरा था। इस दौरान वह पीठ के बल गिरा जिससे उसके सिर में भी चोट आई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन कर घटना की सूचना दी लेकिन सूचना मिलने के एक घंटे बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची जिसके बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो में युवक को मिशन अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

सरगुजा में हार्टअटैक से मौत का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी 2 मई की रात नवापारा निवासी युवा व्यवसायी 35 वर्षीय इन्द्रजीत सिंह बाबरा की हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई थी। युवक किसी काम से घर से निकला और संगम चौक के पास रुका। जब युवक अपनी स्कूटी को स्टार्ट कर रहे था तो उन्हें हार्ट अटैक आ गया था और वे सड़क पर गिर गया। देर रात उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई।

---

## छोटे-छोटे कमरों में बिना मान्यता के स्कूल, दुर्घटना होगी तो जिम्मेदार कौन?

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) मामले में बुधवार को फिर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शिक्षा विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी द्वारा पेश शपथपत्र से हाईकोर्ट ने असंतुष्टि जताई और नाराज हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव को अगली सुनवाई में स्वयं के शपथपत्र में जवाब पेश करने कहा है। इसमें



कोर्ट ने जवाब मांगा है कि बताएं कि प्रदेशभर में बिना मान्यता प्राप्त संचालित नर्सरी स्कूलों पर क्या एक्शन लिया गया है। हाईकोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है कि छोटे-छोटे कमरों में बिना मान्यता स्कूल चल रहे ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 17 सितंबर तक मांगा जवाब

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार और शिक्षा सचिव को निर्देशित किया कि वे 17 सितंबर तक शपथपत्र के माध्यम से स्पष्ट करें कि इस पूरे मामले में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि शिक्षा के अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देना हर राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

## आईसीआईसीआई में न्यूनतम राशि की सीमा अब 15 हजार

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने ग्राहकों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया के बाद बचत खातों में न्यूनतम मासिक राशि की सीमा को 50,000 रुपए से घटाकर 15,000 रुपए कर दिया है। इससे पहले बैंक ने एक अगस्त से महानगरों में खुलने वाले नए बचत खातों के लिए यह सीमा 10,000 रुपए से पांच गुना बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी थी। आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक सूचना में कहा, ग्राहकों की बहुमूल्य प्रतिक्रिया के आधार पर हमने इन प्रावधानों को उनकी अपेक्षाओं एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप संशोधित किया है।

- बैंक ने बचत खाते में पहले रखी थी 50 हजार रुपए की शर्त

### चेक जमा के कुछ ही घंटे में आ जाएगी राशि

भारतीय रिजर्व बैंक चार अक्टूबर से बैंकों में चेक जमा किए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर उसके समाशोधन के लिए एक नई व्यवस्था शुरू कर रहा है। इससे चेक जमा करने के कुछ ही घंटे में खाते में पैसा आ जाएगा। चेक को कुछ ही घंटों में स्कैन, प्रस्तुत और पास किया जाएगा। यह बैंक कार्यदिवस के दौरान निरंतर आधार पर किया जाएगा। समाशोधन चक्र वर्तमान टी प्लस 1 यानी चेक जमा करने के बाद एक दिन से घटकर कुछ घंटे रह जाएगा।

*भाजपा ने साधा निशाना कांग्रेस से किया सवाल*

## राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस के पास 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्डः अनुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर 90 चुनावी हारों के बाद बार-बार ईवीएम, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर झूठे आरोप लगाने की कड़ी आलोचना की। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 1952 से कांग्रेस ने चुनावी धांधली और वोटर हेराफेरी की परंपरा शुरू की, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की हार, बूथ कैप्चरिंग, नामांकन रद्द और इंदिरा गांधी का 1971 में ▶▶|शेष पेज 6 पर



### राहुल के नेतृत्व पर सवाल

ठाकुर ने कहा कि अगर दुनिया भर में देखा जाए, तो 90 बार किसी के नेतृत्व में चुनाव हारने का रिकॉर्ड कहीं है, तो वह राहुल गांधी के नेतृत्व में है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी के भीतर भी उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े होते हैं। जब-जब राहुल गांधी चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम पर सवाल उठाते हैं।

### कांग्रेस पर निशाना

अनुराग कहा कि कांग्रेस का असली एजेंडा यही है, एक वर्ग के वोट बैंक के लिए लड़ाई लड़ना, राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड़ करना और सच्चे भारतीय नागरिक के वोट को नीचा दिखाना। यही आज राहुल गांधी जी और विपक्ष की राजनीति का आधार है। उन्होंने राहुल गांधी से कहा कि आपका जो एजेंडा भारत के लोकतंत्र को कमजोर करने का है, संवैधानिक संस्थाओं पर संदेह पैदा करने का है।

## पीएचई में सब इंजीनियर की भर्ती, सभी नियुक्तियां हाईकोर्ट के फैसले के अधीन रहेंगी

- 118 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी, रोस्टर के पालन नहीं करने के खिलाफ याचिका

**बिलासपुर।** पीएचई में सब इंजीनियर की भर्ती में रोस्टर का पालन नहीं किया गया। मामले में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अनुसूचित जनजाति महिला संवर्ग में होने वाली नियुक्तियों को हाईकोर्ट के फैसले के अधीन रखा है। मामले में मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव को नोटिस जारी किया गया है। याचिकाकर्ता रश्मि वाकरे ने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में बताया ▶▶|शेष पेज 6 पर

**नसबंदी-टीकाकरण का मामला, डॉग लवर्स के लिए खुशखबरी**

## आवारा कुत्तों के मुद्दे पर फिर से सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देशभर में चर्चा हो रही हैं। अब भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने आवारा कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी से संबंधित एक याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की है।

रिपोर्ट के अनुसार, कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) नाम के संगठन द्वारा साल 2024 में दायर याचिका में दिल्ली हाईकोर्ट के अगस्त 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। तब इसी संगठन ने अपनी एक पीआईएल में आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए निर्देश मांगे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा था कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों की संख्या समय के साथ बढ़ानी होगी। कोर्ट ने दिल्ली के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे छह से आठ सप्ताह के भीतर लगभग 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाएं। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यह चेतावनी ▶▶|शेष पेज 6 पर



### अदालत के फैसले पर उठ रहे सवाल

पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी का कहना है कि अदालत का ये फैसला आर्थिक रूप से अव्यावहारिक और क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन के लिए संभावित रूप से हानिकारक करार है। उनका कहना है कि दिल्ली में 3 लाख आवारा कुत्ते हैं।

### डॉग लवर्स के लिए खुशखबरी बनाई गई तीन सदस्यीय नई पीठ

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित शीर्ष अदालत के फैसले को लेकर देश भर में व्यापक विरोध के बाद उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की एक नयी पीठ गुरुवार को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर 'जल्द से जल्द' आश्रय स्थलों पर स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे।

# 8 साल के बच्चे का पालन पोषण का अधिकार मामा को, पिता की अपील खारिज

### डिवीजन बेंच ने पिता को वीडियो कॉल, छुट्टियों और त्योहारों पर बेटे से मिलने का हक दिया है

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में 8 साल के बच्चे की कस्टडी का हक उसके मामा के पक्ष में दिया है। मां की मौत के बाद फैमिली कोर्ट ने उसके मामा को बच्चे का पालन-पोषण करने का अधिकार दिया था, जिसे पिता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। साथ ही पिता को अपने बेटे की परवरिश करने के अधिकार से वंचित रखा है। हालांकि, डिवीजन बेंच ने पिता को वीडियो कॉल, छुट्टियों और त्योहारों पर बेटे से मिलने का हक दिया है।

दरअसल, कबीरधाम में रहने वाले तरण सिंह की पहली पत्नी रागिनी सिंह का 12 मार्च 2017 को प्रसव के कुछ दिन बाद निधन हो गया था। मां की मौत के बाद से नवजात शिशु अपने मामा के साथ रह रहा है। अब वो 8 साल का हो गया है। उसके मामा ललित सिंह ने बच्चे की कस्टडी को लेकर फैमिली कोर्ट में मामला प्रस्तुत किया था। इसमें बताया कि बच्चे के पिता ने पत्नी की मौत के एक साल बाद दूसरी शादी कर ली और उस रिश्ते से उनकी एक बेटी भी है। इस दौरान बच्चे को उसके पिता ने अपने साथ ले जाने के लिए कोई कोशिश नहीं की। जिसके बाद मामा ने गार्जियन एंड वाड्र्स एक्ट, 1890 के तहत बच्चे की कस्टडी की मांग की थी। फैमिली कोर्ट ने मामा की अर्जी को स्वीकार करते हुए उनके पक्ष में फैसला दिया। साथ ही बच्चे की कस्टडी का अधिकारी माना।

### पिता ने कहा- वह स्वाभाविक अभिभावक

पिता ने फैमिली कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए अपील की। इसमें कहा कि वो स्वाभाविक अभिभावक हैं और बेटे की बेहतर परवरिश कर सकते हैं। दूसरी तरफ बच्चे के मामा ने भी अपना पक्ष रखा और भांजे के बेहतर परवरिश की आवश्यकता बताई। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्क और साक्ष्यों को देखने के बाद पाया कि पिता ने कभी बेटे को अपने पास लाने की कोशिश नहीं की। बच्चा बचपन से मामा के साथ रह रहा है और वहां सुरक्षित है। ऐसे में अब 8 साल का बच्चा अपने पिता और सौतेली मां के पास असहज महसूस करेगा।

### बच्चे का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा

हाईकोर्ट ने तर्कों को सुनने और साक्ष्यों के आधार पर फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि बच्चे का पालन-पोषण और कल्याण वर्तमान में उसके मामा के पास ही सुरक्षित है। हालांकि, कोर्ट ने अपीलकर्ता पिता को वीडियो कॉल और छुट्टियों में बेटे से मिलने का हक दिया है। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि मुलाकात में मामा किसी तरह की रुकावट नहीं डालेंगे और बच्चे का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इसके साथ ही डिवीजन बेंच ने पिता की अपील खारिज कर दी। मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की बेंच ने यह सुनवाई की।

## कर्मचारी को आरोपों का सामना और प्रस्तावित दंड का विरोध करने का अवसर दिया जाना जरूरी- हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सशस्त्र बल के कांस्टेबल को बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी को न केवल आरोपों का सामना करने का, बल्कि प्रस्तावित दंड का विरोध करने का भी उचित अवसर दिया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता शिव पूजन गर्ग छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई, जिला दुर्ग की 7 वीं बटालियन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। 15 अक्टूबर 2017 को एक दूसरा कांस्टेबल बलजीत सिह को नशे की हालत में पाए जाने पर मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया। उस समय, बलजीत सिह याचिकाकर्ता शिव पूजन गर्ग द्वारा उत्पन्न बाधा के कारण भाग गया। इसके लिए शिव पूजन गर्ग को आरोप-पत्र जारी किया गया।

### दया अपील खारिज होने के बाद याचिका

बाद में कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। शिव पूजन गर्ग की दया अपील भी खारिज कर दी गई। इसके बाद शिव पूजन गर्ग ने अधिवक्ता टीके झा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश की। याचिका में तर्क दिया कि याचिकाकर्ता पर लगाया गया बर्खास्तगी का दंड पूर्व में दिए गए दंडों पर आधारित था, लेकिन यह तथ्य दिनांक 8 अगस्त 2019 को दूसरे कारण बताओ नोटिस में प्रकट नहीं किया गया था। पिछली सजाओं का खुलासा नहीं करने से दंड आदेश का उल्लंघन हुआ है। याचिका में जस्टिस राकेश मोहन पांडेये की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने माना कि किसी कर्मचारी पर बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई से पहले सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए।

## कवासी लखमा की याचिका पर हुई सुनवाई

**बिलासपुर।** पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लकमा की याचिका पर हुई बुधवार को सुनवाई हुई। ज्ञात हो कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने केवासी लखमा को गिरफ्तार किया है। लखमा ने अपने अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिया के माध्यम से हाई कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान ईडी और लखमा के अधिवक्ताओं ने जमानत पर बहस की गई। दोनों पक्षों के द्वारा की गई बहस अधूरी रही। अब सोमवार को भी बहस जारी रहेगी बहस।

## निर्वाचित पदाधिकारियों के स्टेट बार चुनाव लड़ने पर रोक



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में अधिवक्ता संघों के निर्वाचित पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की इस अधिसूचना को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया।

याचिका के मुताबिक बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चुनाव के लिए केंद्र सरकार की इस अधिसूचना को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव वरुणेंद्र मिश्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि इस तरह से पदाधिकारियों के चुनाव पर प्रतिबंध लगाना संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन है। दरअसल, छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई है। जारी चुनाव कार्यक्रम के तहत 7 अगस्त से नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई है, जो 14 अगस्त तक चलेगी। जिसके बाद चुनाव होगा। बता दें कि स्टेट बार काउंसिल के 25 सदस्यों का चुनाव होना है, जिसमें प्रदेश भर के वकील मतदान करेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों के निर्वाचित सदस्य स्टेट बार के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन करेंगे। याचिका में कहा गया कि स्टेट बार काउंसिल चुनाव में जिला अधिवक्ता संघ के साथ ही हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने से वोटर्स को प्रभावित करने की आशंका है।







बिलासपुर
गुरुवार, 14 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 144
पृष्ठ : 10+8= 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 25.4

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा
विचार पेज
2 निर्मम बंटवारे को भुला नहीं सकते




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तिरुपति मंदिर को एक करोड़ नकद, सोने का पेंडेंट दान

**तिरुपति।** बेंगलुरु के श्रद्धालु ने श्री वेंकटेश्वर अन्न प्रसादम ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए का दान दिया है।



एक अन्य श्रद्धालु ने हीरे और वैजयंती पत्थरों से जड़ा 148 ग्राम वजनी स्वर्ण लक्ष्मी लॉकेट भगवान वेंकटेश्वर को अर्पित किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अनुसार, कल्याण रमन कृष्णमूर्ति द्वारा दी गई दान राशि का उपयोग पहाड़ी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन योजना में किया जाएगा।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार को माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का एक सदस्य मारा गया। यह मुठभेड़ आज सुबह गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता इलाके में सुरक्षा बलों के तलाश अभियान के दौरान हुई। कोल्हान के पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक ने कहा, माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) का एक सदस्य मारा गया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान जारी है।

### आधार सत्यापन के जरिए बनेगा सचिवालय का पास

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय नए केंद्रीय सचिवालय की इमारतों में स्मार्ट कार्ड और आगंतुक पास के



जरिए प्रवेश करने के इच्छुक आवेदकों की पृष्ठभूमि की जांच आधार सत्यापन के जरिए करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से परामर्श के बाद मंत्रालय के सचिवालय सुरक्षा संगठन को पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से प्रमाणीकरण के दौरान आधार संख्या के उपयोग की अनुमति दी है। आधार प्रमाणीकरण स्वैच्छिक आधार पर किया जाएगा।

### शीर्ष न्यायालय ने बिहार एसआईआर को वोटर फ्रेंडली माना

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-पहले 7 पेपर थे अब तो 11 में कोई एक दस्तावेज मांगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

*बिहार में चल रहे चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण को सुप्रीम कोर्ट ने वोटर फ्रेंडली बताया है। वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने बुधवार को यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज मान्य थे, मगर अभी के विशेष गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों का विकल्प मतदाताओं को दिया गया है। इससे लगता है कि यह मतदाता के हित में है।*

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में पहले किए गए मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या सात थी और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में यह 11 है, जो दर्शाता है कि एसआईआर मतदाता अनुकूल है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण आयोजित करने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू की और कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक था, ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या 'वास्तव में समावेशी' थी। पीठ ने कहा, राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या सात थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दर्शाता है कि यह मतदाता अनुकूल है। हम आपकी दलीलों को समझते हैं कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक है।

**सुनवाई के तीसरे दिन गुरुवार को चुनाव आयोग देगा जवाब**

## कुछ याचिकाकर्ताओं ने की पूरी प्रक्रिया को रद्द करने की मांग

### विवाद की कमी का मुद्दा

संसद के अंदर और बाहर एसआईआर के मुद्दे पर प्रदर्शन के बीच, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह विवाद काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने दावा किया है कि बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता आबादी में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को अपने या माता-पिता के लिए कोई दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता नहीं थी जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में थे।



### एक दिन पहले कहा था, आयोग का अधिकक्ष क्षेत्र

न्यायमूर्ति बागची ने कहा, अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से फीडबैक लेने के बाद आमतौर पर दस्तावेजों की सूची तैयार की जाती है। गत 12 अगस्त को, शीर्ष अदालत ने कहा कि मतदाता सूची में नागरिकों या गैर-नागरिकों को शामिल करना या बाहर करना निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में है और बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर में आधार और मतदाता पहचान पत्र को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं करने के आयोग के रुख का न्यायालय ने समर्थन किया।

### चुनावी साल में एआईआर गलत

याचिकाकर्ता पक्ष के लिए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने भी बहस की। सिंघवी ने कहा कि बिहार के बाद बंगाल में एसआईआर की योजना है। इसे चुनावी साल में हड़बड़ी में नहीं करना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि 22 साल पहले 2003 में भी एसआईआर की अधिसूचना जारी हुई थी, तब महाराष्ट्र और अरुणाचल को इसलिए छोड़ा गया था कि वहां चुनाव होने वाले थे, लेकिन अब चुनाव से 6 महीना पहले इसे करवाया जा रहा है।

### 1 घर में 240 लोग असंभव

एडीआर की तरफ से प्रशांत भूषण ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि 2 जिलों में 10.6 और 12.6% लोगों का नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं है। बीएलओ मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। कई जगहों पर बीएलओ खुद फॉर्म भर कर जमा कर रहे हैं। मृत लोग भी लिस्ट में जगह पा रहे हैं। भूषण ने यह भी कहा कि ड्राफ्ट लिस्ट में 1 ही पते पर 240 लोग दर्ज हैं। इस पर जस्टिस कांत ने कहा, /"1 घर में इतने लोगों का रहना संभव नहीं।

### आरकेबी डिविजन का खात्मा

# बंडा पहाड़ में मुठभेड़, मारे गए नक्सलियों के दो टॉप लीडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/ मोहला

उत्तर बस्तर कांकेर की सीमा से सटे मानपुर मोहला जिला के बंडा पहाड़ में मानपुर पुलिस और नक्सलियों के बीच 13 अगस्त को मुठभेड़ हुई। इस टीम की मदद के लिए आईटीबीपी के जवान और कांकेर से भी सपोर्टिंग टीम भी पहुंची थी। भीषण मुठभेड़ में आरकेबी डिविजन के प्रमुख एवं एसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी और आरकेबी डिविजन कमांडर लोकेश सलामे के ढेर होने की पुष्टि मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने की है। दोनों नक्सली अपने साथ एके 47 हथियार रखते थे।

- आरकेबी डिविजन के प्रमुख एसजेडसी विजय रेड्डी और आरकेबी कमांडर लोकेश हुआ ढेर

जानकारी के अनुसार आरकेबी यानी राजनांदगांव कांकेर बार्डर के नाम से नक्सलियों के संगठन का प्रमुख विजय रेड्डी और कोतरी एरिया कमेटी का कमांडर लोकेश सलामे पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते पहले अबूझमाड़ के बार्डर चले गए थे, उस तरफ जब दबाव बढ़ा, तो यह दोनों कांकेर जिले की सीमा से लगे मानपुर जिले के बंडा पहाड़ पर शरण लिए हुए थे। मानपुर पुलिस को लोकेशन मिलने पर मानपुर की डीआरजी टीम बंडा पहाड़ गई थी और उसकी सपोर्टिंग के लिए आईटीबीपी एवं कांकेर जिला की पुलिस बल सक्रिय था। दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई, जवानों को एसजेडसी विजय रेड्डी और लोकेश सलामे को मारने में सफलता मिल गई है। इलाके में भारी बारिश हो रही है, इसके बाद भी जवानों ने ऑपरेशन जारी रखा है।

### मृतक नक्सली एसजेडसी एवं डीवीसी सदस्य

कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने घटना पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों नक्सली कांकेर जिले के कई इलाकों में लंबे समय से सक्रिय थे।


विजय रेड्डी

मृतक विजय रेड्डी एसजेडसी सदस्य था और उस पर 25 लाख और लोकेश सलामे डीवीसी सदस्य था, जिस पर 8 लाख का ईनाम घोषित है। दोनों नक्सलियों के खिलाफ कांकेर जिले में कई अपराध दर्ज हैं।

### दोनों नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि

मोहला मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने हरिभूमि से बात करते हुए पुष्टि की है कि एसजेडसी विजय रेड्डी और कोतरी एरिया कमेटी का कमांडर लोकेश सलामे ढेर हो गए हैं। टीम वापस नहीं आई है, टीम के वापिस आने के बाद ही घटना की विस्तृत जानकारी मिली सकेगी।


**मानपुर में ली थी शरण** आरकेबी डिविजन का प्रमुख विजय रेड्डी था और उत्तर बस्तर में भी इसकी अच्छी पकड़ थी, यही कारण था कि ये कांकेर पुलिस की हिट लिस्ट में था। कई बार पुलिस ने इसके लिया घेराबंदी की, लेकिन यह बच निकल रहा था। कांकेर में पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण ही यह अपनी टीम के साथ मानपुर मोहला की ओर शरण लिए हुआ था, ऐसी संभावना जताई जा रही है। केंद्रीय कमेटी मेंबर विजय रेड्डी के संबंध में बताया गया कि तेलंगाना महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के बस्तर तथा मोहला मानपुर अंबागढ चौकी जिले में बड़ा नाम है। लोकेश सलामे मानपुर विकास खंड के ग्राम आमाकोडो निवासी है जो पिछले 20 वर्षों से नक्सली संगठन में डीवीसी रेंक मे बस्तर के माड तथा मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले मे सक्रिय था।

# पिकअप और ट्रक में भिड़ंत, सात बच्चों समेत 11श्रद्धालुओं की मौत

## खाटू श्याम का दर्शन कर लौट रहे थे गांव

एजेंसी ▸▸| जयपुर

राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक पिकअप वैन के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से सात बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य लोग घायल हो गए। दौसा के पुलिस अधीक्षक सागर ने बताया कि पिकअप वाहन में सवार लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिरों के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे, तभी मनोहरपुर राजमार्ग पर सुबह करीब चार बजे यह हादसा हुआ।



उन्होंने बताया कि हादसे में सात बच्चों और चार महिलाओं की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिकअप वाहन में 20 लोग सवार थे, जब यह राजमार्ग की सर्विस लेन पर खड़े ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि आठ घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

### एक ही गांव के 11 की मौत

इस बीच, एटा के असरौली गांव में जब खबर आई कि राजस्थान में हुए सड़क हादसे में उसके 11 निवासी मारे गए तो गांव में सन्नाटा छा गया। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ शोक संतप्त परिवारों से मिलने गए और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# बारामूला में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक जवान शहीद



**जम्मू।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर काम कर रही हैं। इसके साथ ही दुश्मन भी सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर के चिरुंडा गांव घुसपैठ की कोशिश की गई। हालांकि सुरक्षाबलों ने समय रहते इस कोशिश को नाकाम कर दिया।

- सेना ने पूरे इलाके को घेरा

### 3 जगहों पर हुए थे एनकाउंटर

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़, कठुआ, बारामूला में एक हफ्ते पहले भी एक साथ 3 जगहों पर एनकाउंटर किए गए थे। बारामूला के चक टप्पर क्रेरी पट्टन इलाके में सिक्योरिटी फोर्सेज को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां सिक्योरिटी फोर्सेज ने 4 दहशतगर्दों को मार गिराया था। सेना ने उस समय गोला-बारूद भी बरामद किया है।

### यूएनजीए के सत्र में भाग लेने सितंबर महीने में पीएम करेंगे अमेरिका की यात्रा

# टैरिफ पर तनाव के बीच अमेरिका में होगी मोदी-ट्रंप की मुलाकात?

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

रूस से कच्चे तेल की खरीद पर आगबबूला अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ को लेकर जारी तनाव के बीच अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आगामी समय में भारत के शीर्ष राजनीतिक-प्रशासनिक नेतृत्व की कुछ बेहद महत्वपूर्ण विदेश यात्राएं देखने को मिलेंगी। जिसमें सबसे पहले अगले महीने 23 से 27 सितंबर के बीच न्यूयॉर्क में आयोजित की जाने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक उच्च-स्तरीय बैठक का जिक्र करना बेहद जरूरी हो जाता है। क्योंकि उसमें भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं।

## अगले सप्ताह रूस की यात्रा पर रहेंगे विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर

### अगस्त में तैयार होती अस्थायी सूची

संयुक्त राष्ट्र द्वारा महासभा के सत्र में भाग लेने वाले वक्ताओं की सूची आयोजन से करीब एक महीना पहले अगस्त में तैयार कर ली जाती है। जिसमें शामिल होने वाले देशों के तमाम वक्ताओं जैसे राष्ट्राध्यक्षों और विदेश मंत्रियों का समय तय किया जाता है। लेकिन यहां पर ये भी अचरज करने वाली बात नहीं है कि सूची में एक बार नाम शामिल किए जाने के बाद किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष द्वारा उसे वापस ले लिया जाए।



### भारत-पाकिस्तान संग अच्छे रिश्तेः अमेरिका

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमारे भारत और पाकिस्तान के साथ रिश्ते अच्छे हैं। राजनयिक दोनों देशों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों के साथ काम करना क्षेत्र और दुनिया के लिए अच्छी खबर है।

**जयशंकर रूस की यात्रा करेंगे** उधर, विदेश मंत्री एस.जयशंकर 20 से 21 अगस्त तक रूस की यात्रा करेंगे। जिसमें वह अपने समकक्ष यानी रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। जयशंकर से पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी रूस की यात्रा कर चुके हैं। जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, रूस के पहले उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की थी।

### व्यापार समझौते पर टिकी सबकी निगाहें

अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसकी शुरुआत 25 फीसदी के साथ हुई थी और उसके बाद रूस से तेल खरीद को लेकर एक तरह से जुर्माने के रूप में इसमें 25 फीसदी की और बढ़ोतरी की गई। शुरुआती 25 फीसदी टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है। जबकि बाकी 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। अब सबकी नजरें दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापार समझौते पर लगी हुई हैं। जिसे लेकर बातचीत के लिए अमेरिका का एक दल इस माह के अंत में भारत की यात्रा कर सकता है। भारत ने अमेरिकी टैरिफ की आलोचना करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया है।



## चिंतन

# सिंधु जल संधि पर कड़ा रुख अपनाए रखे भारत

पाकिस्तान की गीदड़भभकियों, धमकियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। सिंधु जल संधि को भारत ने जिस मकसद के लिए निलंबित किया है, उसके पूरे होने तक भारत को अपने रुख पर कायम रहना चाहिए। इधर तीन दिन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पीपीपी नेता बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ उकसावे वाले बयान दिए हैं। पाकिस्तान बेशक अमेरिकी कठपुतली बनकर खेल रहा है और भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है, लेकिन इससे भारत को न ही विचलित होने की जरूरत है और न ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। भारत ने सिंधु जल समझौता तब निलंबित किया है, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा था और पाक स्थित आतंकी गुट ने पहलगाम में हिंसा को अंजाम दिया। भारत के अनेक बार सबूत देने के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी हरकतें बंद नहीं की। पहलगाम घटना के बाद भारत का सब्र जवाब दे गया और सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जिसमें ट्रेड पूर्ण रूप से बंद करने, अटारी व वाघा बॉर्डर बंद करने से लेकर सिंधु जल समझौते को निलंबित करने जैसे एक्शन हैं। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। अब जब सिंधु, चिनाब व झेलम से पानी का बहाव पाकिस्तान में कम हुआ है और पाकिस्तान को जल संकट आसन्न दिखाई दे रहा है, तो बौखलाहट में पाकिस्तान सरकार के पदेन लोग भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु बम की धमकी दी कि अगर इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। खेदजनक है कि अमेरिका ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु दरिया के पानी पर कहा कि अगर भारत ने युद्ध थोपा, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। उसके बाद अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को खुली धमकी दी है कि वह पाकिस्तान का एक बूंद पानी भी किसी को छीनने नहीं देंगे। सवाल है कि ये लोग किस हैसियत से भारत को धमकियां दे रहे हैं, न तो यह कूटनीति की भाषा है और न किसी राष्ट्र की भाषा है। भारत का रुख साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं करता है, तब तक भारत पाक से न कोई वार्ता करेगा और न ही सिंधु जल संधि को बहाल करेगा। पाकिस्तान अमेरिका व चीन के दम पर अगर भारत के खिलाफ उकसावे वाला बयान दे रहा है, तो वह ऐसा करता रहे। भारत अपनी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ही कार्य करेगा। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार से पाकिस्तान की कोई भी आतंकी व सैन्य हरकत युद्धघोष मानी जाएगी। भारत स्पष्ट कर चुका है कि वह न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा, पाक आतंकवाद खत्म करे, फिर वार्ता टेबल पर आए। पाक जिस अमेरिका व चीन के बल पर कूद रहा है, उसी से पाक को पानी मांगना चाहिए। भारत का सिंधु जल समझौते को निलंबित करना न किसी अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में आता है और न ही यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन है। भारत वर्षों से पाक प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है और इसलिए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने का अधिकार है। भारत जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है, वह यूं ही किसी को धमकी नहीं देता है।

## दिवस विशेष

विवेक शुक्ला



# मुस्लिम लीग ने आग में घी डालने का किया था काम

मोहम्मद अली जिन्ना 7 अगस्त, 1947 को दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट से कराची के लिए रवाना हो रहे थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा जिन्ना भी थीं। तब यहां सांप्रदायिक दंगे भड़के हुए थे। पर मजाल है कि उन्होंने दिल्ली को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ने से पहले एक बार भी दंगाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति बहाली की जरूरत महसूस की हो। हालांकि जिस जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया था, उससे इस तरह की उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि वह नफरत की आग को बुझाने का काम करेगा। जिन्ना के आह्वान के चलते कोलकाता में इस दिन शुरू हुई हिंसा में हजारों बेगुनाह लोग मारे गए। इसे 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' कहा गया। जिन्ना या मुस्लिम लीग ने खून-खराबे को रोकने की बजाय आग में घी डालने का ही काम किया था। जब कोलकात्ता जल रहा था तब हुसैन शहीद सुहरावर्दी बंगाल के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप लगे कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दे दिए थे कि वह आंखें बंद करके बैठी रहे। इन दंगों में हिंदुओं को विशेष रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा। 16 से 20 अगस्त 1846 तक चली हिंसा में, अनुमानित 10 हजार लोग मारे गए। घायलों का आंकड़ा भी हजारों में था। खैर, सुहरावर्दी आगे चलकर पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री भी बने। वरिष्ठ लेखक त्रिलोक दीप 1947 के बंटवारे पर बातें करने से बचते हैं। उन्हें बंटवारे ने बहुत गहरे घाव दिये हैं। इसरार करने पर बताने लगते हैं कि "मैं तब दस साल का था और अपने माता-पिता के साथ अगस्त, 1947 से कुछ पहले ही रावलपिंडी से लाहौर होता हुआ लखनऊ पहुंच गया था। रावलपिंडी के हालात लगातार खराब हो रहे थे। इसलिए हमने इंतजार करना मुनासिब नहीं समझा। पर मेरे नाना अमीचंद और नानी भाग्यवती को भीड़ ने उनके गांव में मार दिया था।" ये सब बताते हुए 90 साल के त्रिलोक दीप की आंखें भीगने लगती हैं। भारत के विभाजन को अब एक अरसा गुजर गया है, पर अब भी हमारे आसपास इस तरह के तमाम लोग मौजूद हैं, जिन्होंने उस दौर में हुए दंगों में अपनों को खोया। देश के बंटवारे के कारण लगभग 1.5 करोड़ लोग एक देश से दूसरे में गए। इस दौरान हिंदू-सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच भयंकर सांप्रदायिक दंगे हुए। पंजाब, बंगाल और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में हिंसा चरम पर थी। स्वीडन में रहने वाले पाकिस्तान मूल के राजनीतिक चिंतक डॉ. इश्तियाक अहमद अपनी किताब में लिखते हैं कि मोहम्मद अली जिन्ना की बयानबाजी ने सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ाया। वे कभी साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए दंगाइयों के बीच में नहीं गए। दरअसल 1947 में जब विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई, तब पंजाब और बंगाल में हिंसा अपने चरम पर थी। तब जिन्ना का ध्यान मुख्य रूप से सत्ता पर काबिज होना था। उन्होंने 11 अगस्त 1947 को कराची में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान को धर्मनिरपेक्ष मुल्क बनाने का वादा किया। वे जब इस तरह का दावा कर रहे थे तब कराची जल रहा था। वहां अल्पसंख्यकों का कत्लेआम होने लगा था। जिन्ना के पास दंगों को रोकने की कोई इच्छाशक्ति नहीं थी। जिन्ना की तरह मुस्लिम लीग में उनके नंबर दो समझे वाले लियाकत अली खान और बाकी नेताओं का भी ध्यान दंगों को रोकने की तरफ नहीं था। वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी में सुखो खालसा स्कूल है। प्रख्यात रचनाकार भीष्म साहनी ने अपनी अमर रचना तमस में सुखो का उल्लेख किया है। ये एक छोटी सी तहसील है रावलपिंडी जिले की। पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज के दौरान सुखो में अनेक गुरुद्वारे भी बने। सुखो बेहतरीन जगह थी। उसका चरित्र समावेशी था। पर देश के बंटवारे का समय आपसी नफरत का दौर था। जो दोस्त और पड़ोसी सदियों से एक-दूसरे के साथ रह रहे थे, वे भी एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गये थे। आजादी के ठीक पहले सांप्रदायिकता की बैसाखियां लगाकर पाशविकता का जो नंगा नाच सुखो में खेला गया था, उसका मार्मिक चित्रण भीष्म साहनी तमस में करते हैं। खैर, जिन्ना के विपरीत, महात्मा गांधी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। गांधी जी 7 सितंबर 1947 को अंतिम बार कोलकाता से दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। दिल्ली सांप्रदायिक दंगों के कारण धू-धू करके जल रही थी। गांधी जी दंगा प्रभावित जगहों में गए, सभाएं की और हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच सुलह की अपील की। वे इन सब जगहों में दंगाइयों से मुसलमानों को बचा रहे थे। गांधी के अलावा, नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद भी दंगों को रोकने के काम में दिन- रात लगे हुए थे। काश, जिन्ना और मुस्लिम लीग के नेताओं ने भी यही किया होता।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विभाजन विभीषिका

बृजमोहन अग्रवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो य़ह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है।

# निर्मम बंटवारे को भुला नहीं सकते

देश के धार्मिक रूप से हुए बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहन और भाईयों को इसमें लापता होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। लाखों लोग बेघर हुए, अपनों से बिछड़ते हुए असमय काल का शिकार हो गए। महिलाओं पर हुए नाहक अत्याचार, उनकी अस्मिता का मर्दन, भूख से बिलखते बच्चे और बीमारी में भी वृद्धावस्था में अपने लिए सुरक्षित ठिकाने की तलाश में भटकते वरिष्ठ लोगों को मिले भीषण दंश की पीड़ा का अंदाजा लगाना आज के आधुनिक और अर्थकरी रंग-बिरंगी दुनिया में बहुत कठिन है। आजकल ज्यादातर लोग इतिहास को भूलकर आगे बढ़ने पर विश्वास रखते हैं। ऐसे आधुनिक युग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो य़ह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लाखों लोग अजनबियों के बीच एकदम विपरीत वातावरण में नया आशियाना तलाश रहे थे। विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी होने के अतिरिक्त यह इस बात की भी कहानी है कि कैसे एक जीवन शैली तथा वर्षों पुराने सह-अस्तित्व के दौर का अचानक और नाटकीय रूप से अंत हो गया। इस विभीषिका में मारे गए लोगों का आंकड़ा अनुमानतः पांच से 10 लाख के बीच है। लॉर्ड माउंटबेटन 31 मई, 1947 को लंदन से सत्ता के हस्तांतरण पर मंजूरी लेकर नई दिल्ली लौटे थे। 2 जून, 1947 की ऐतिहासिक बैठक में विभाजन की योजना पर मोटे तौर पर सहमति बनी थी। भारत के विभाजन का निर्णय एक पूर्व शर्त की तरह था। सामान्य तौर पर इस योजना का व्यापक विरोध हुआ और विशेष रूप से इस विचार का कि भारत जैसे देश का विभाजन धार्मिक आधार पर किया जा रहा था।

ऐसा कहा जाता है कि इस विभाजन के लिए वे ही नेता मानसिक रूप से तैयार थे, जिन्हें इस विभाजन में अपना हित और उज्ज्वल भविष्य दिख रहा था। विभाजन के फलस्वरूप 1.3 करोड़ लोग अपनी जड़ों से उखड़ कर विस्थापित होने के लिए बाध्य कर दिए गए थे। भारत के विभिन्न हिस्सों को दहला देने वाली 1946 और 1947 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की व्यापकता और क्रूरता पर विस्तार से लिखा गया है। इस हिंसा की प्रकृति न केवल लोगों के जीवन को नष्ट करने, बल्कि दूसरे समूह की सांस्कृतिक और भौतिक उपस्थिति को भी मिटा देने की थी। यह यथार्थ है कि जिन क्षेत्रों ने इस हिंसा को देखा, उन्होंने उन्हीं समुदायों को सदियों से सह अस्तित्व में रहते देखा था। पंजाब, बिहार, संयुक्त प्रांत और निश्चित रूप से




बंगाल कुछ ऐसे उदाहरण हैं, जहां सह - अस्तित्व जीवन का एक तरीका रहा है। 1947 से पूर्व के पंजाब में एक भी ऐसे गांव की पहचान कठिन होगी, जिस पर किसी खास समुदाय द्वारा विशिष्टता के साथ दावा किया जा सके। यह सब 4 मार्च 1947 को शुरू हुआ। पुलिस ने हिंदुओं और सिखों के एक जुलूस पर, जो बहुत बड़ा नहीं था, गोली चलाई। करीब 125 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा 10 छात्र, जो सभी डीएवी कॉलेज, लाहौर के थे, मारे गए थे। 6 मार्च की सुबह तक अमृतसर, जालंधर, रावलपिंडी, मुल्तान और सियालकोट समेत पंजाब के मुख्य शहर दंगों की लपटों में घिर गए थे। शरणार्थियों को न केवल सड़क पर हिंसा का सामना करना पड़ा, बल्कि वे सदी की सबसे भीषण बाढ़ में से एक के शिकार भी हुए। इस खतरनाक यात्रा में लोगों को भूख, बीमारी, थकावट और प्रकृति की कठोर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उपमहाद्वीप के मूसलाधार मानसून को सहन करते हुए वे गीली दलदली भूमि और भारी संकट से गुजरे। लोग विकट परिस्थितियों से होकर पंजाब पहुंचे थे। विभाजन के दौरान सिन्ध के अल्पसंख्यकों (हिन्दू एवं सिख) को जितनी विकराल एवं भयावह त्रासदी सहनी पड़ी, उसका कटु अनुभव सिन्ध छोड़कर आए लोगों के मन में आज भी जीवन्त है। कराची में हुए भयावह दंगों ने अल्पसंख्यकों को इस हद तक भयभीत कर दिया था कि नवम्बर 1947 तक 2,50,000 लोग, जनवरी 1948 तक 4,78,000 तथा जून 1948 तक 10 लाख से अधिक लोगों को सिन्ध छोड़कर जाना पड़ा। बंटवारे के समय भारत और पाकिस्तान के बीच पलायन करने वाले लोगों ने रेलगाड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी परामर्शी रेल सुविधा को जारी रखा गया था। हर दिन 5-6 ट्रेनें दोनों ओर से चलती थीं। ऐसी कई डरावनी कहानियां भी हैं, जिनमें रेलगाड़ियां जब अपने अंतिम गंतव्य स्थान पर पहुंचती तो उनमें केवल लाशें और घायल व्यक्ति ही मौजूद रहते। विभाजन के दौरान महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा। विभाजन एवं उसके आघात का उनका अनुभव पुरुषों से बहुत अलग था। उनका अपहरण और बलात्कार किया गया। बहुतों को अपना धर्म बदलने और उन्हीं पुरुषों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जिन्होंने शायद उनके परिवार का वध किया हो। भारत सरकार ने 33,000 महिलाओं के अपहरण की सूचना दी, जबकि पाकिस्तान सरकार ने 50,000 महिलाओं के अपहरण का अनुमान लगाया।

सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने काफ़िले में पलायन किया। इन काफिलों की लंबाई 10 मील से लेकर 27 मील तक हुआ करती थी, जिनमें हजारों-हज़ार लोगों की तादाद होती थी। ये काफ़िलें विशेष रूप से भीड़ के हमले की चपेट में थे। लोग बिना आश्रय, स्वच्छता, भोजन या पानी के बिना चलते रहे। इस कारण हज़ारों बुजुर्गों और बच्चे थकावट, भुखमरी और बीमारी से मर गए। पाकिस्तान द्वारा सौंपे गए पीड़ितों की संख्या बहुत कम है। दूसरे बहुत कम युवतियों को खोजा गया है। सीमांतप्रांत में युवा लड़कियों को दास के रूप में बेचे जाने की भी जानकारी है। कभी जहां बाज़ार आबाद हुआ करते थे, वहां खंडहर पनाह भी नहीं दे पा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों को गोद में ली हुई माताएं जैसे विभाजनकारी शक्तियों को कोसते जा रहीं थीं। विस्थापित लोगों की ताजातरीन जानकारी लाउड स्पीकर से दी जा रही थी साथ ही लोगों की दयनीय अवस्था का हवाला देते हुए उनके पड़ोसियों और परिजनों को भी लोगों की स्थिति से अवगत कराया जा रहा था। धर्म के आधार पर किसी देश के विभाजन की ऐसी दुःखद त्रासदी दुनिया में इससे पहले कहीं ओर नहीं देखी गई थी। विभाजन की ऐसी त्रासदी के शिकार सभी निर्दोष लोगों को मेरा पुण्य कोटि-कोटि नमन।

( लेखक लोकसभा सांसद भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित

## दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# मन का भोजन हमारे विचार




संकलित

## प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत विभाजन की त्रासदी

1947, 14 अगस्त भारत का विभाजन एक अभिशाप था। यह केवल मात्र भारत की आत्मा पर चोट नहीं थी, बल्कि प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर चोट थी, लाखों परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक झटके में बेघर हो गए। इन परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, गुजरांवाला में रह गई। परदादा, परदादी, दादा, दादियों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वह पंजाब की गलियां, घोड़ा गाड़ियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों के घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है जब विभाजन के समय हुए सभी अत्याचारों को हम स्मरण करते हैं। *- मनोज जोशी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### कनेक्टिविटी का विस्तार



देशभर में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1B को मंजूरी दी है। इससे यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इसके साथ ही शहर में लोगों का सफर और सुविधाजनक होगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एसआईआर पर चर्चा हो



बिहार से एसआईआर की शुरुआत की गई है, जो अब पूरे देश में करने जा रहे हैं। हमारी मांग है कि एसआईआर पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष चाहता है कि सदन चले, लेकिन भाजपा सरकार सदन नहीं चलने दे रही है।

**- मल्लिकार्जुन खड़के, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी का करिश्मा नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहीं कोई करिश्मा नहीं है, ये चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के बल पर चुनाव जीत रहे हैं। 2020 में इन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में हमें 12,756 वोट के अंतर से 10 से अधिक सीटें जबरन हराईं।

**- तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

### फैसले पर विचार



यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मुख्य न्यायाधीश ने एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित फैसले पर विचार करने की सहमति दे दी है। कानून पारित करना और उसे लागू करना सबसे पहले मानवीय होना चाहिए।

**- रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में हिंदू मंदिर की नाम पट्टिका तोड़ी गई


अमेरिका के इंडियाना शहर में एक हिंदू मंदिर के नामपट्ट को विरूपित कर दिया गया जिसे भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'निंदनीय' बताया है। मंदिर के आधिकारिक जनसंपर्क हैंडल ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह 'घृणित कृत्य'' ग्रीनवुड शहर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में हुआ। इसमें कहा गया है कि एक साल से भी कम समय में यह चौथी बार है जब किसी बीएपीएस मंदिर को निशाना बनाया गया है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया और इसे 'निंदनीय' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, 'इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य नामपट्ट का अपमान निंदनीय है।'दूतावास ने कहा कि उसने 'शीघ्र कार्रवाई' के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया है। इसमें कहा गया है कि महावाणिज्य दूत ने ग्रीनवुड के मेयर सहित श्रद्धालुओं और स्थानीय नेतृत्व की एक सभा को भी संबोधित किया और 'वहां एकता एवं एकजुटता तथा उपद्रवियों के विरुद्ध सतर्कता बरतने का आह्वान किया।' मंदिर प्रशासन ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि इस कृत्य ने ' हमारे समुदाय के संकल्प को मजबूत किया है और हम धर्म-विरोधी व्यवहार के विरुद्ध एकजुट हैं।'



## ऑफ बीट

# दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा

शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है।अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया का चुनाव**

*हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद के लिए हुए ऐतिहासिक चुनाव में बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी जीत गए हैं। बीजेपी बनाम बीजेपी की इस जंग में उन्होंने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान को 100 से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। 12 अगस्त को हुए इस चुनाव में अमित शाह, सोनिया गांधी समेत कई दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। हालिया चुनाव में रूडी के साथ उनके पैनल के ज्यादातर सदस्यों की जीत हुई।*


## राजीव प्रताप रूडी ने संजीव बालियान को 100 से ज्यादा मतों से हराया

# बीजेपी बनाम बीजेपी की जंग में विपक्ष बना विजेता

### शाह-नड्डा, सोनिया-राहुल सहित दिग्गजों ने किया मतदान

### कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब पर रूडी का दबदबा

रूडी पिछले 25 साल से इस क्लब पर काबिज हैं। रूडी इससे पहले 2009, 2014 और 2019 में क्लब के सचिव (प्रशासन) का चुनाव जीत चुके हैं। इस तरह लगातार चौथी बार रूडी सचिव चुने गए हैं। रूडी ने जीत के बाद कहा-मेरे पैनल में बीजेपी, कांग्रेस, सपा, टीएमसी, टीडीपी और निर्दलीय सांसद शामिल थे। यह मेरी दो दशकों की मेहनत का नतीजा है। बता दें अभी तक सचिव पद पर निर्विरोध चयन होता रहा था। बालियान आखिरी समय में उम्मीदवार बने थे।





### ये दिग्गज पहुंचे क्लब

मंगलवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के सचिव पद और 11 कार्यकारी सदस्यों के लिए चुनाव हुए थे। 1295 मतदाताओं में से 707 वोट पड़े। चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू सहित कई और केंद्रीय मंत्री वोट देने पहुँचे थे।

**1947 में हुई थी स्थापना :** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना 1947 में हुई थी। यह क्लब सांसदों और पूर्व सांसदों के लिए सामाजिक और राजनीतिक मंच है। इसमें कुल 1295 सदस्य हैं, जिन्हें वोट करने का अधिकार है। लोकसभा और राज्यसभा के मौजूदा सदस्य और कुछ पूर्व सांसद क्लब के सदस्य हैं।

### विपक्ष के समर्थन से मिली शानदार जीत

बालियान को अमित शाह का कैंडिडेट माना जा रहा था। बालियान पश्चिमी यूपी में भाजपा के बड़े जाट चेहरों में से एक हैं। 2014 व 2019 में चुनाव जीतकर वे केंद्र में मंत्री बने थे। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के ज्यादातर सांसदों ने बालियान को ही वोट दिया। मगर, विपक्ष में कांग्रेस समेत अन्य दल रूडी के साथ थे। विपक्ष ने खुलकर रूडी का साथ देकर एक तीर से दो निशाने साधे। खुद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खुलकर रूडी के लिए पैरवी कर दी थी। के बेटे अक्षय यादव उनके पैनल से चुनाव लड़ रहे थे। इसी तरह रूडी ने डीएमके का वोट हासिल करने के लिए डीएमके के तिरुची सिवा को सचिव (संस्कृति) पद पर बिना चुनाव के जिता दिया था। टीएमसी नेताओं का भी समर्थन रूडी को रहा।

### 32 ठाकुर सांसद रहे एकजुट

रूडी ठाकुर हैं, जबकि संजीव बालियान जाट समुदाय से हैं। इस मुकाबले में जाति वाला एंगल भी दिखा। यूपी से लेकर बिहार तक के ठाकुर नेता पूरी तरह से राजीव प्रताप रूडी के पक्ष में लामबंद नज़र आए। लोकसभा में 32 ठाकुर सांसद हैं, जिनका एकमुश्त वोट राजीव प्रताप रूडी को गया, जबकि जाट वोट बँटा हुआ रहा।

### विपक्ष ने एक तीर से साधे दो निशाने

रूडी ने जिस तरह से विपक्ष के वोटों को लामबंद करने के लिए अपने पैनल में जगह दी, उसके आगे बालियान पस्त नज़र आए। कांग्रेस ने रूडी को समर्थन देकर दीपेंद्र हुड्डा को सदस्य बनवाया। इसके अलावा राजीव शुक्ला को सचिव (खेल) और जितेंद्र रेड्डी को कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध जीत दर्ज कराई। इस तरह कांग्रेस ने रूडी को समर्थन देकर अपने कई नेताओं को क्लब के अहम पद दिला दिए। सपा के सभी सांसदों का समर्थन रूडी को मिला, क्योंकि रामगोपाल यादव

---

**'वोट चोरी' का मुद्दा बिहार से केरल तक पहुंचा, जमकर बवाल**

# मंत्री के बाद मेयर के भी दो एपिक नंबर तेजस्वी ने किया गड़बड़ी का नया खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है और इधर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। जल्दबाजी में कराए गए एसआईआर में गड़बड़ी का नमूना भी पेश कर रहे हैं। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो वोटर आईडी दिखाने के बाद अब उन्होंने मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी के भी दो एपिक नंबर होने का खुलासा किया है। उन्होंने मीडिया के सामने मेयर निर्मला देवी के दो एपिक नंबर REM1251917 और GSB183516 दिखाए। निर्मला देवी ही नहीं उनके दो देवर हैं। दोनों देवर के दो-दो एपिक आईडी हैं। साथ ही कहा कि पुरजोर तरीके से चुनाव आयोग बीजेपी का मदद कर रहा है।

**खास बातें**

- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- बीजेपी के इशारे पर हो रही वोटों की डकैती
- मुजफ्फरपुर की मेयर और उनके देवर के 2 एपिक नंबर



### मृत सूची में लोगों के नाम

तेजस्वी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और कल एक अहम सुनवाई हुई, जिन लोगों का नाम मृत सूची में डाला गया उन्हें अदालत में पेश किया गया है। यह एक गंभीर मामला है और चुनाव आयोग बीजेपी के इशारे पर वोट की डकैती कर रहा है। आज यह उन लोगों के लिए आईना का काम कर रहा है जो लोग कहते थे कि मोदी का यह करिश्मा है, जिससे वह विभिन्न राज्यों में चुनाव जीत रहे हैं।

### खुल गई है भाजपा की पोल

जब चुनाव आयोग की पोल खुल रही है तो बीजेपी की बोलती बंद है। चुनाव जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी का पहला फार्मूला होता था सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स ये एजेंसी पहले नेताओं के पीछे लगते थे, लेकिन अब जब यह एजेंसी नाकाम हो गई तो चुनाव आयोग को चुनाव जिताने के लिए लगाया जा रहा है।

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव चुनाव आयोग की धांधली का उदाहरण**

तेजस्वी यादव ने 2020 विधानसभा चुनाव में भी वोट चोरी होने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि हमारे हार का अंतर 12000 वोट रहा. कई सीटों पर हमें 10-12 वोट से हरा दिया गया। चुनाव आयोग किस तरीके से धांधली कर रहा है, इसका जीता जागता उदाहरण चंडीगढ़ है। आपने देखा होगा कि मेयर के चुनाव में किस तरीके से आयोग धांधली कर रहा था, लेकिन वहां सीसीटीवी लगा हुआ था जिससे धांधली पकड़ी गई।

### कांग्रेस, सीपीएम का आरोप- केरल में धांधली कर चुनाव जीती भाजपा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का वोट चोरी के आरोपों का मामला एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचता जा रहा है। ताजा मामला केरल का है, जहां कांग्रेस व सत्तारूढ़ सीपीएम ने आरोप लगाया है कि बीजेपी को 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य में जिस सिर्फ एक सीट त्रिशूर पर जीत मिली थी, वहां पर वोटर लिस्ट में हेरा-फेरी की गई है। बता दें, त्रिशूर से बीजेपी के उम्मीदवार फिल्म स्टार सुरेश गोपी 74,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे।

### यह है आरोप

कांग्रेस के पूर्व सांसद टीएन प्रतापन ने आरोप लगाया कि बीजेपी बाहर से लोगों को लाई और उन्हें किराये के मकान में रखकर उन्हें वोटर बना दिया। इधर, सीपीएम के महासचिव एम. ए. बेबी ने कहा कि त्रिशूर में बीजेपी ने 3,000 फर्जी वोट जोड़े। इन फर्जी मतदाताओं ने त्रिशूर के आस-पास के विधानसभा क्षेत्रों में और शहर में भी वोट डाले। राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने दावा किया कि कई अपार्टमेंट में 8 से 15 अतिरिक्त मतदाताओं को जोड़ा गया।

### हकीकत स्वीकार करें- बीजेपी

सुरेश गोपी ने अभी तक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन केरल बीजेपी के महासचिव एम. टी. रमेश ने कहा कि त्रिशूर में बीजेपी के कार्यकर्ताओं की बदौलत पार्टी को जीत मिली है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक ही मतदाता सूची में नाम जोड़े गए।

## पाक से ही पूछें उसके कितने एफ-16 गिरे : अमेरिका

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा पाकिस्तान के F-16 विमान गिराए जाने पर अमेरिका ने जवाब दिया है। अमेरिका ने कहा कि इसके बारे में पाकिस्तान से ही पूछिए। बीते हफ्ते भारतीय वायु सेना प्रमुख अमन प्रीत सिंह ने एक कार्यक्रम में बताया था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 फाइटर जेट और एक कैरियर विमान मार गिराया था। अमेरिकी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा संचालित एफ-16 लड़ाकू विमानों के नुकसान पर बयान दिया है। एक भारतीय चैनल को दिए जवाब में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि आपको पाकिस्तान सरकार से ही उसके एफ-16 के बारे में सवाल करना चाहिए। हाल ही में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शनिवार को पुष्टि की थी कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इससे पहले भारतीय सैन्य अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना के लड़ाकू विमानों को मार गिराने की पुष्टि तो की थी। लेकिन उन्होंने उस वक्त कहा था कि वो डेटा जमा कर रहे हैं ताकि उनके कितने विमान गिरे हैं, उसकी सटीक जानकारी मिल सके। अब एयरफोर्स चीफ ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना के S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के पांचों लड़ाकू विमानों को मार गिराया था।

*पूर्व आंध्र सीएम का दावा*

# 'सीएम रेवंता के जरिए राहुल के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू'

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वायएसआरसीआरसीपी अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने वोट चोरी पर घमासान के बीच एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ बात चल रही है। चंद्रबाबू नायडू तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। एक प्रेस कांफ्रेंस में वोट चोरी पर आए सवाल पर रेड्डी ने यह बात कही थी। उन्होंने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा, वे वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं? इसकी वजह ये है कि राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू के संपर्क में हैं।



### आंध्र प्रदेश में भी हुई वोट चोरी

रेड्डी ने कहा कि, आंध्रप्रदेश के घोषित नतीजों और मतगणना के दिन के नतीजों के बीच 12.5 प्रतिशत वोटों का अंतर रहा। वे अरविंद केजरीवाल के बारे में क्यों नहीं बोलते? जबकि अरविंद केजरीवाल खुद विधायक का चुनाव हार गए थे। मैं राहुल गांधी जैसे व्यक्ति पर क्या टिप्पणी करूं, जो खुद अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हैं?' जगन मोहन रेड्डी का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब 3500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आंध्र प्रदेश पुलिस ने जो आरोपपत्र दायर किया है, उसमें पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी का भी नाम है।

**सीएम नायडू पर लगाए आरोप**

*इससे पहले रविवार को जगनमोहन रेड्डी ने सीएम चंद्रबाबू नायडू पर पुलिवेंदुला और वोंटीमिट्टा स्थानीय निकाय उपचुनावों में ''लोकतंत्र को कमजोर करने''का आरोप लगाया था। रेड्डी ने आरोप लगाया कि सत्ता हथियाने के लिए नायडू ने 'षड्यंत्र, हमले, अत्याचार, झूठ और धोखाधड़ी' का सहारा लिया है। जगन ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि नायडू वास्तविक काम के माध्यम से जनता का समर्थन जीतने के बजाय, ''पुलिस और अन्य अधिकारियों की शक्ति के बूते सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं।'*

## सेबी एल्गो ट्रेडिंग के लिए तय करेगी परिभाषा

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अनुपालन का बोझ कम करने के लिए बुधवार को शेयर ब्रोकरों से संबंधित नियमों में सुधार के तहत 'एल्गो ट्रेडिंग' की परिभाषा तय करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव के मुताबिक, 'एल्गो ट्रेडिंग' का मतलब ऐसे किसी भी शेयर लेनदेन ऑर्डर से होगा जो स्वचालित निष्पादन तंत्र के जरिये तैयार या जारी किया गया हो। मौजूदा नियमों में अभी तक इसकी कोई परिभाषा तय नहीं है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 'सिर्फ निष्पादन मंच' (ईओपी) की भी परिभाषा सुझाई है, जिसके तहत ऐसे डिजिटल या ऑनलाइन मंच आएंगे जो म्यूचुअल फंड की प्रत्यक्ष निवेश योजनाओं में खरीद, बिक्री और दूसरी योजना में निवेश जैसी सुविधा दें। इसके अलावा सेबी ने शेयर ब्रोकरों को सरकारी प्रतिभूतियों के लेनदेन के लिए प्रचलित समझौता-आधारित आदेश मिलान मंच 'एनडीएस-ओएम' तक पहुंच देने का भी प्रस्ताव रखा है। यह सुविधा फिलहाल बैंकों और प्राथमिक डीलरों को ही मिली हुई है।

## अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि पर असर नहीं : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि प्रभावित नहीं होगी क्योंकि यह व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है और इसकी 'सॉवरेन रेटिंग' का परिदृश्य सकारात्मक ही बना रहेगा। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए पिछले वर्ष मई में भारत की सॉवरेन रेटिंग 'बीबीबी-' को बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था।अमेरिका ने सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इस तरह कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। यह शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क लगाए जाने से भारत के सकारात्मक परिदृश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा यीफार्न ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत पर लगाए गए शुल्क का आर्थिक वृद्धि पर कोई प्रभाव पड़ेगा।




### *भारत का जोखिम अमेरिका के मुकाबले दो प्रतिशत*

*यदि आप सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले निर्यात के संदर्भ में अमेरिका के प्रति भारत के जोखिम को देखें, तो यह लगभग दो प्रतिशत ही है।'एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहेगी, जो गत वित्त वर्ष 2024-25 के बराबर है।*

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**NOTICE FOR PUBLIC HEARING**

Hon'ble Appellate Tribunal for Electricity (APTEL) vide order dated 15/05/2025 passed in Appeal No.286/2017, remanded the matter of calculation of interest and finance charges for FY 2017-18, back to the Commission for fresh consideration upon hearing the parties again. The Commission, vide order dated 31/03/2017 passed in Petition No. 64 of 2016(T), has approved interest and finance charges for FY 2017-18. Therefore, the Commission has reopened the Petition No. 64 of 2016(T) and invited objections/suggestions limited to the issue of calculation of interest and finance charges for FY 2017-18, from the stake holders by publishing notice in newspapers on 26/07/2025. For this purpose, relevant documents have made available on the Commission's website i.e. www.cserc.gov.in and 21 days' time has been given to file objections/suggestions. As regulatory process, a public hearing on the above petition has been fixed for 03/09/2025 at 11:30 a.m. in the Commission's Court Room.

SECRETARY

## सोना 500 रुपए टूटा और चांदी रही स्थिर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये गिरकर 1,00,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा।

*यूपी विधानसभा में विधेयक पेश*

# दान, चढ़ावा, प्रशासन सब संभालेगा बांके बिहारी न्यास

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को बांके बिहारी मंदिर न्यास विधेयक को सदन में पेश कर दिया। विधेयक में यह साफ है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। चार दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के 'श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश' पर अंतरिम रोक लगाते हुए अस्थायी रूप से इसे निलंबित करने का आदेश दिया था। इस अध्यादेश के जरिए एक न्यास बनाकर मंदिर की पूरी व्यवस्था उनके हवाले करने की बात कही गई है। इस न्यास में ज्यादातर सरकारी अधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में विपक्षी दल अध्यादेश के जरिए बांके बिहारी मंदिर पर सरकारी कब्जे का आरोप लगा रहे हैं।



### यह है विधेयक में

विधेयक में लिखा है कि मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं।

*सॉलीसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट से अपील*

# 'वकील करें अपराध तो कार्रवाई में न हो अपवाद'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

किसी भी केस की जांच के दौरान दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं को तलब करने और उनसे कानून राय लेने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। इस मामले की सुनवाई में कोर्ट ने कई अहम पहलुओं पर टिप्पणी भी की। इस दौरान ही सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की तरफ से कहा गया कि वकीलों को कभी भी पेशेवर राय देने के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई वकील अपराध करता है, तो उस पर कार्रवाई के कोई अपवाद लागू नहीं होने चाहिए। सुनवाई के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने जैकब मैथ्यू केस में 2005 के फैसले का जिक्र किया।



### सीजेआई ने जताई सहमति

वहीं अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि यह लंबी छूट देने के समान होगा। इसकी शायद जरूरत भी न हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वकीलों को एक्शन के लिए अपवाद न होने की जो बात कही, उस पर सीजेआई बीआर गवई ने भी सहमति जताई। उन्होंने कहा, 'आप एक वकील की बात कर रहे थे जो शव को ठिकाने लगाने या सबूत गढ़ने की सलाह दे रहा था। यह आईपीसी की धारा 201 (सबूत मिटाना) के अंतर्गत आएगा।'

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**
अंबिकापुर शाखा: एम.जी. रोड, सत्यवती गोयल का घर, श्यामलाल सिंघल के सामने, अंबिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग, पिन-497001, E-mail:Ambikapur.raipur@bankofindia.co.in

**मांग सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्त्ताओं एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से जो ऋण लिया है उसके मूलधन और ब्याज के पुर्नभुगतान में चूक की है जिस कारण उनका खाता अनर्जक आस्ति (NPA) में परिवर्तित हो गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत इन सभी को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

| ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | सम्पति का विवरण/लागू होने वाली सुरक्षित सम्पत्ति का पता | नोटिस की तिथि / एन.पी.ए. की तिथि | बकाया राशि (नोटिस की तिथि के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| ऋणी: मेसर्स इंटरनेशनल स्टील इंडस्ट्रीज, प्रोप. श्री सुरेश कुमार शर्मा पिता श्री लक्ष्मीचंद शर्मा, जमानतदार: श्रीमती विमला (बिमला) शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री किशन चंद शर्मा (भारद्वाज), पताः-सेमी अर्बन इंडस्ट्रियल एरिया, बनारस रोड, अंबिकापुर,जिला-सरगुजा - 497001. | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली भूमि और भवन, शेड व उस पर निर्मित संरचनाओं का साम्यिक बंधक जिसका खसरा नंबर-334/96, प.ह.नं.-06, रा.नि.मं.-अंबिकापुर 1, तहसील अंबिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ में स्थित 465.50 वर्ग मीटर (0.046 हेक्टेयर) में, श्रीमती विमला (बिमला) शर्मा पति स्वर्गीय श्री किशन चंद शर्मा (भारद्वाज) से संबंधित है, जो मूल रूप से पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 2161314 दिनांक 12.07.1991 के अनुसार निम्नलिखित सीमाओं के साथ है, **चौहद्दी**:- उत्तर- बिशंभर अग्रवाल की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- अंबिकापुर-बनारस रोड। | 29.07.2025 / 19/07/2025 | ₹29,64,225.86/- + ब्याज + अन्य खर्चे दिनांक 21.06.2025 से |

इन्हें सूचित करने के लिये अन्य वैकल्पिक माध्यमों के द्वारा उपाय किये जा रहे हैं। उधारकर्त्ता और उनके जमानतदारों (जहाँ लागू हो) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के पश्चात वित्तीय आस्तियाओं का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(4) के तहत् आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

दिनांक : 14.08.2025
स्थान : अंबिकापुर

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया



# देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने दिया झटका, देना होगा ऑनलाइन ट्रांसफर पर शुल्क

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। अब बैंक के ग्राहकों को 15 अगस्त 2025 से ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांसफर पर शुल्क देना पड़ेगा, जो पहले पूरी तरह फ्री था। आईएमपीएस यानी इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस एक रीयल-टाइम फंड ट्रांसफर सिस्टम है, जिसकी मदद से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है। यह सेवा पूरे 24 घंटे और 365 दिन उपलब्ध रहती है।

आईएमपीएस के जरिए एक बार में अधिकतम 5 लाख रुपए तक ट्रांसफर किया जा सकता है। बता दें कि एसबीआई द्वारा किया गया बदलाव केवल ऑनलाइन लेनदेन पर लागू होगा और कुछ स्लैब में मामूली शुल्क जोड़े जाएंगे। हालांकि, कुछ खातों पर ये शुल्क अब भी नहीं लगेंगे।

## 15 अगस्त 2025 से आईएमपीएस शुल्क देना होगा

### अन्य बैंकों में क्या स्थिति है?

केनरा बैंक में ₹1,000 तक कोई शुल्क नहीं है वहीं 1,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक के लेनदेन पर 3 रुपए से 20 रुपए+ जीएसटी तक चार्ज लगता है। पीएनबी(पंजाब नेशनल बैंक) में 1,000 रुपए तक पर कोई चार्ज नहीं लगेगा. 1,001 रुपए से ऊपर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर 5 रुपए से ₹10 रुपए+ जीएसटी तक का चार्ज है, जबकि ब्रांच से ट्रांजेक्शन करने पर यह चार्ज थोड़ा अधिक होता है।

### क्या होता है आईएमपीएस चार्ज?

आईएमपीएस चार्ज वह रकम है, जो बैंक आपसे उस सुविधा के लिए लेता है जिसमें वह आपके पैसे को तुरंत दूसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर करता है। यह शुल्क आपकी ट्रांसफर की गई राशि के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। आमतौर पर बैंक यह चार्ज डिजिटल सर्विस को मेंटेन करने, नेटवर्क खर्च, और ट्रांजेक्शन की प्रोसेसिंग के बदले लेता है।



- पहले इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस पूरी तरह फ्री था
- इस सेवा से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है

*वेतनभोगी ग्राहकों को राहत : एसबीआई के उन ग्राहकों को इस शुल्क से राहत मिलेगी जो किसी सरकारी या निजी संस्थान के सैलरीड हैं और उनके पास विशेष सैलरी पैकेज अकाउंड है। इनमें डीएसपी,सीजीएसपी, पीएसपी, आरएसपी, सीएसपी, एसजीएसपी, आईसीजीएसपी और एसयूएसपी जैसे खाते शामिल हैं, जिन पर अब भी IMPS शुल्क नहीं लगेगा।*

*ब्रांच से आईएमपीएस करने पर कोई बदलाव नहीं : अगर आप एसबीआई की शाखा में जाकर आईएमपीएस करवाते हैं, तो वहां पहले की तरह ही शुल्क लगेगा. इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. शाखा से किए गए आईएमपीएस ट्रांजेक्शन पर शुल्क 2 रुपए से शुरू होकर 20 रुपए+ जीएसटी तक जा सकता है, जो ट्रांसफर की राशि पर निर्भर करता है।*

### ऑनलाइन आईएमपीएस लेनदेन पर कितना लगेगा शुल्क?

अगर आप इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग या यूपीआई जैसे ऑनलाइन माध्यम से आईएमपीएस करते हैं, तो अब आपको शुल्क देना होगा। ये चार्ज इस प्रकार हैं – 25,000 रुपए तक कोई शुल्क नहीं लगेगा। 25,001 से 1 लाख रुपए पर 2 रुपए+ जीएसटी का चार्ज लगेगा। 1 लाख से 2 लाख रुपये पर 6 रुपए+ जीएसटी का चार्ज लगेगा। वहीं 2 लाख रुपये से 5 लाख तक 10 रुपए+ जीएसटी चार्ज होगा। पहले इन सभी लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं था, लेकिन अब हर स्लैब पर थोड़ा-थोड़ा पैसा देना होगा।

## चुनौतियां दो तिमाही में समाप्त हो जाएगी

# अमेरिकी शुल्क का प्रभाव छह महीने से ज्यादा टिकने वाला नहीं: सीईए नागेश्वरन

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चुनौतियां ज्यादा टिकने वाली नहीं है और एक या दो तिमाहियों में समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश अन्य दीर्घकालिक चुनौतियों से जूझ रहा है और उन्होंने इससे निपटने के लिए निजी क्षेत्र से और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।

नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर में आई नरमी के लिए कर्ज से जुड़ी कड़ी स्थिति और नकदी की समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 9.2 प्रतिशत थी। नागेश्वरन ने कहा कि सही कृषि नीतियां वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं।

### ट्रंप-पुतिन बैठक प्रभावित करेगी नतीजे

*इस महीने के अंत में व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भारत आने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में होने वाली आगामी बैठक इस वार्ता के नतीजों को प्रभावित कर सकती है।*

- निजी क्षेत्र से अधिक प्रयास का आग्रह
- वृद्धि दर में नरमी नकदी की समस्या के कारण आई
- सही कृषि नीतियां जीडीपी में वृद्धि कर सकती है



*निजी क्षेत्र चुनौतियों से निपटने में सहायक : नागेश्वरन ने कहा कि कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा कि क्या यह ऑपरेशन सिंदूर का नतीजा है या इससे भी ज्यादा रणनीतिक। उन्होंने निजी क्षेत्र से इन दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।*

### दीर्घकालीक प्रभाव नहीं होगा शुल्क नीति का

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में कहा, ''मेरा मानना है कि मौजूदा स्थिति एक या दो तिमाहियों में सुधर जाएगी। मुझे नहीं लगता कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, भारत पर इसका कोई खास प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अल्पावधि में इसका कुछ असर जरूर होगा।''

### रत्न-आभूषण, झींगा व वस्त्र क्षेत्र पर पड़ेगा असर

सीईओ ने अमेरिकी शुल्क के बारे में कहा कि रत्न एवं आभूषण, झींगा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर पहले चरण का प्रभाव पड़ने के बाद दूसरे और तीसरे चरण के प्रभाव पड़ेंगे। उनसे निपटना 'अधिक कठिन' होगा। नागेश्वरन ने कहा कि सरकार स्थिति से अवगत है और प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में नीति निर्माताओं की प्रतिक्रिया मिलेगी, लेकिन लोगों को धैर्य रखना होगा।

### निजी क्षेत्र अनुसंधान पर निवेश बढ़ाए

नागेश्वरन ने कहा, ''आने वाले वर्षों में हमारे सामने उत्पन्न होने वाली बड़ी रणनीतिक चुनौतियों को देखते हुए, निजी क्षेत्र को भी बहुत कुछ सोचना होगा...। निजी क्षेत्र को अगली तिमाही के बजाय दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बारे में भी सोचना होगा...। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के मकसद से राशि आवंटित की है और अब निजी क्षेत्र को इस क्षेत्र में अपने निवेश को बढ़ाने की जरूरत है।

### निजी क्षेत्र का स्वागत

सीईए ने कहा कि भारतीय युवा अत्यधिक स्क्रीन उपयोग, अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन आदि से उत्पन्न शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे लोगों में तनाव बढ़ रहा है और यहां तक कि आत्महत्या के विचार भी आ रहे हैं। उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए निजी क्षेत्र से मदद मांगी। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय का स्वागत किया।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा

- निफ्टी 132 अंक वृद्धि के साथ 24,600 के पार
- धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयर चमके



एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक चढ़ गया। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। वैश्विक स्तर पर चीन पर शुल्क लगाये जाने की समयसीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, ''डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है। शुल्क पर स्थिति अद्यतन होने पर मामूली गिरावट का जोखिम बना हुआ है। भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप-पुतिन बैठक का इंतजार कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### विक्रम सोलर का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** सौर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी विक्रम सोलर ने अपने आगामी 2,079 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 315 से 332 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसका आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा।

### ऑयल इंडिया को 2,046.51 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 2,046.51 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। पेट्रोलियम कीमतें गिरने से लाभ वृद्धि प्रभावित हुई है। अप्रैल, 2025 में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,046.51 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 2,016.30 करोड़ रुपये था।

### ओला इलेक्ट्रिक की स्पोर्ट्स खंड में उतरने की तैयारी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना के तहत 15 अगस्त को स्पोर्ट्स स्कूटर खंड में प्रवेश की घोषणा कर सकती है। कंपनी 15 अगस्त को आगामी वार्षिक कार्यक्रम में नई श्रृंखला का अनावरण करने की योजना बना रही है।

### एनएसडीएल का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 82.6 करोड़ रुपये रहा। राजस्व और बाजार हिस्सेदारी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में, एनएसडीएल ने 66.6 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

### कर्नाटक बैंक का मुनाफा 27 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफा 27 प्रतिशत घटकर 290 करोड़ रुपये रह गया। बैंक का 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 400 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,620 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 2,557 करोड़ रुपये थी।

### संवर्धन मदरसन के लाभ में 46 प्रतिशत गिरावट

**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लि. का अस्थिर कारोबारी माहौल के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 606 करोड़ रुपये रह गया। वाहन कलपुर्जा क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,115 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्योग की प्रतिकूल परिस्थितियों और अस्थिरता का लाभप्रदता पर अस्थायी प्रभाव पड़ा है।

## एफटीए के बाद महिंद्रा ईवी समूह के सीईओ ने दी जानकारी

# महिंद्रा की ब्रिटेन को ईवी का निर्यात करने की योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रमुख वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) भारत एवं ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने के बाद बेहतर कारोबारी अवसरों का लाभ उठाने के लिए ब्रिटेन को अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का निर्यात करने की योजना बना रही है।

एमएंडएम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने पीटीआई-वीडियो के साथ खास बातचीत में यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि घरेलू बाजार में अग्रणी ईवी विनिर्माता के तौर पर एमएंडएम की योजना है कि 2030 तक उसकी कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत हो।

## 2030 तक कंपनी का कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत होगी

### भारत दुनिया का बेहतर विनिर्माण केंद्र बन सकता है

शाह ने कहा कि भारत के पास दुनिया का वाहन विनिर्माण केंद्र बनने की क्षमता है और वैश्विक कंपनियों का यहां निर्माण करना प्रतिस्पर्धा एवं गुणवत्ता दोनों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, ''हम दुनिया की बेहतरीन कंपनियों को भारत में आकर विनिर्माण करते हुए देखना चाहते हैं। इससे कारोबार को तेजी मिलेगी। प्रतिस्पर्धा बढ़ने से हम भी समय के साथ बेहतर होंगे।'



*बैनबरी में डिजाइन केंद्र की शुरुआत की : कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक मॉडल के डिजाइन केंद्र के तौर पर 2022 में ब्रिटेन के ऑक्सफोर्डशायर स्थित बैनबरी में 'महिंद्रा एडवांस्ड डिजाइन यूरोप' (एम.ए.डी.ई) केंद्र की शुरुआत की थी। ब्रिटेन में हिस्सेदारी बढ़ाने में मिलेगी मदद : शाह ने भारत एवं ब्रिटेन के बीच पिछले महीने हुए एफटीए के फायदे के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''हम अब ब्रिटेन को अपने इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्यात करने जा रहे हैं और इससे ब्रिटेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने एवं प्रतिस्पर्धा करने की राह आसान होगी।''*

# बीपीसीएल का लाभ दोगुना होकर 6,839 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक हो गया है। कंपनी ने बताया कि कच्चे तेल की लागत में गिरावट के बावजूद खुदरा कीमतों को स्थिर रखने से विपणन मुनाफे में बढ़ोतरी हुई है। बीपीसीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 6,839.02 करोड़ रुपये रहा, जबकि गत वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में यह 2,841.55 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही का मुनाफा बीपीसीएल के लिए एक रिकॉर्ड है और यह पूरे वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) की मुनाफे के आधे से भी अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी ने 13,336.55 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

# रत्न एवं आभूषण निर्यात जुलाई में 16 फीसदी बढ़ा



एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक चुनौतियों के बीच जुलाई में रत्न और आभूषण निर्यात में सालाना आधार पर 15.98 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 217 करोड़ 82.4 लाख डॉलर (18,756.28 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के इसी महीने में कुल रत्न और आभूषण निर्यात 187 करोड़ 80.9 लाख डॉलर (15,700 करोड़ रुपये) का रहा था।

जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बयान में कहा, जुलाई का निर्यात अच्छा रहा है और हमारे उद्योग के लिए एक उत्साहजनक संकेत है। इसे मुख्य रूप से इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो


## कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्र./1100/ न.पं./2025-26 मल्हार, दिनांक 13/08/2025

**प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनॉक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआरआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनॉक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनॉक 01.06.2020 फार्म-एफ (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम टेंडर क्र | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173718 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS. 273.56Lac) (Form-F) (Lumpsum Rate) | 13.08.2025 / 17:00 बजे से | 04.09.2025 / 17:00 बजे तक | 09.09.2025 / 16:00 बजे | 09.09.2025 / 17:00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

*सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे*

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत मल्हार



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग-कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ कोड क्रमांक-041
Email :- eewrkon@cgwrd.in

ज्ञापन क्रमांक 2570 / व.ले.लि./2025-26 कोण्डागांव, दिनांक 08/08/2025

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 30.04.2025 सिस्टम निविदा क्रमांक 167609 जी नम्बर 252600614 द्वारा छ.ग. राज्य के जिला कोण्डागांव, विकाखण्ड कोण्डागांव में "एफ" टाईप क्वार्टर का जीर्णोद्वार कार्य, "जी" टाईप क्वार्टर (1,2,6,7,8 एवं 9) का जीर्णोद्वार कार्य, 'जी' टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य, "एच" टाईप क्वार्टर का जीर्णोद्वार कार्य, मेन बाऊण्ड्री वॉल एवं पंप हाऊस का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) राशि 289.50 लाख का निविदा आमंत्रित किया गया था। प्रमुख अभियंता कार्यालय रायपुर के पत्र क्रमांक 4263627/निविदा प्रकोष्ठ / 2025 / 1740 (TC) रायपुर दिनांक 25.07.2025 के अनुसार उक्त प्रथम निविदा आमंत्रण में केवल एक ही निविदाकार योग्य पाये जाने से प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं एकल निविदाकार की स्थिति निर्मित होने के फलस्वरूप उक्त निविदा को निरस्त कर पुन: निविदा आमंत्रण किया जाना है।

अत: जी नम्बर 252600614, सिस्टम निविदा क्रमांक 167609 नि.आ.सू. क्रमांक 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 30.04.2025 को एतत द्वारा निरस्त की जाती है एवं पुन: निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही की जाती है ।

संलग्न:- शून्य।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग-कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव, कोड क्रमांक-041

जी. 252602783/3



## Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)-492006 CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Regn No22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in. cside_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

No.: 15/CSIDC/E E-1/Division-1/2025-26/173619 Raipur, Dated 12/08/2025

Online tenders are invited in Form-B (Item rate basis), from "A" class electrical license contractor registered in Class-D & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate gov in at appropriate class, for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Operation, Repair/Maintenance & Security of Street Lighting/ High Mast Lighting System at I/Borai, Engineering Park, Railway Park, Heavy I/A Hathkhoje, Bhilai Distt. Durg & Periodical Repair/ Maintenance of Street Lighting at Industrial Area Harinchhapara Distt. Kabirdham (C.G.) | D& Above | 12 Months | 36.19 Lacs | 27,200/- | 1770/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 12/08/2025 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan. gov.in. 2) Tenderer may contact to E.E., Div-IV, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender

S.-44899 Executive Engineer, Division-I



## Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com

**Notice Inviting Tender**

NIT No./R-20/PRJ/NRANVP/2025 Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 12/08/2025

Online Tenders are invited for "Allotment of plot for Hotel at Nava Raipur Atal Nagar". Details of the projects are as below:

| S. No. | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq.mt.) approx. | Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.) | EMD (INR Crores) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173496 | 6961 | 3 Star and above Hotel Plot LI/S37/ R2-A, Sector-37 | 18,864.0960 (4.66 Acres) | 9,833.00 | 1.86 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.
* Date and Time of Pre-bid meeting at 12:00 PM on 02nd September 2025
* Last Date for Online submission of Tender up to 03:00 PM on or before 15th September 2025
* Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid up to 03:00 PM on or before 17th September 2025
* Opening of Technical Bid after 03.30 PM on 17th September 2025

The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in

**Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.**

**Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.**

(Approved by CEO)

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

S.-44896


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
24x7 जन सेवा में समर्पित तकनीक से सशक्त
डायल 112
त्वरित और संवेदनशील आपातकालीन सेवा
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
14 अगस्त 2025, दोपहर 12:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल
D-11082/25
डायल-100 अब हुई डायल-112
अब तक 1.97 करोड़
से अधिक नागरिकों को समय पर सहायता
19.71 लाख घटनाओं में महिला सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया
12.48 लाख सड़क दुर्घटनाओं में सहायता
2.23 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सहायता
अब प्रतिक्रिया नहीं, पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा का वादा
उन्नत कॉल सेंटर प्रणाली से मात्र 16 मिनट में लोकेशन पर पहुंचेगी सहायता
अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और विशेष हेल्पलाइन जैसे महिला, साइबर बाल संरक्षण की एकीकृत हेल्पलाइन
गोपनीयता बनाये रखने हेतु नम्बर मास्किंग
चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रेकिंग
पारदर्शिता हेतु FRVs में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# सभी आरोपियों के हाथों में था चाकू पुलिस ने केवल एक बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



ढाबे के सामने हुई ट्रिपल मर्डर की घटना से आउटर क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने एक चाकू ही बरामद किया है जबकि सभी आरोपी चाकू से लैस थे। नगरी रोड में सोमवार की रात्रि ग्राम भोयना के मथुराडीह मोड़ के पास स्थित अन्नपूर्णा ढाबा के सामने रायपुर के तीन युवकों की हत्या की घटना ने पुलिस पेट्रोलिंग को घेरे में खड़ा कर दिया है। वहीं पुलिस ने मंगलवार की सुबह तक हत्याकाण्ड में शामिल तीन नाबालिग सहित सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर मुख्य आरोपी गोपी दीवान के कब्जे से खंजरनुमा चाकू बरामद किया था। जबकि, घटनास्थल पर मौजूद मृतकों के एक दोस्त ने अपने तीनों दोस्तों पर चाकू से हमला होते देखा।

वहीं चाकू के वार से उनके दोस्तों की एक के बाद एक मौत होती चली गई। उन्होंने खूनी खेल खेल रहे सभी आठों आरोपियों के हाथों में चाकू देखा था जो दौड़ा-दौड़ाकर उसके दोस्तों को चाकू से मौत के घाट उतार रहे थे, जबकि शेष आरोपियों से चाकू बरामद न होना सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं पुलिस जिले में क्राइम कंटोल करने सतत पेट्रोलिंग, होटल व ढाबा में अवैध शराब बिक्री की लगातार चेकिंग करने का दावा करती है, लेकिन ट्रिपल मर्डर की घटना शहर के आउटर क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग के दावों की पोल खोल रही है। शहर से बाहर स्थित ढाबों में अवैध रूप से शराब परोसने का काम किया जाता है। देर रात तक खुले रहने व आसानी से शराब मिल जाने के कारण इन ढाबों में भीड़ लगी रहती है। पेट्रोलिंग के अभाव में ढाबा संचालकों द्वारा जमकर शराबखोरी कराई जाती है। नगरी मार्ग में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में कुकरेल तक 7 ढाबे हैं, जो देर रात तक संचालित रहते हैं। जिसका फायदा असामाजिक तत्व उठा लूट या हत्या जैसी घटना को अंजाम देते हैं। आउटर में स्थित ढाबों में पुलिस की सतत पेट्रोलिंग व चेकिंग होती तो ट्रिपल मर्डर की घटना को रोका जा सकता था।

**तीनों मृतकों को 8 जगह लगा था चाकू:** इस खूनी घटना में आरोपियों ने पहले आलोक के चेस्ट व गर्दन पर चाकू मारा था। सबसे ज्यादा नितिन के शरीर में चार जगह चाकू मारा गया था। गर्दन, दायीं-बायीं पसली व चेस्ट में चाकू के गंभीर निशान मिले हैं। वहीं टायर दुकान तक दौड़ाकर सुरेश के शरीर पर दो जगह चाकू घोंपा गया था। इन प्राणघातक वार से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# कर्मचारी को आरोपों का सामना और प्रस्तावित दंड का विरोध करने का अवसर दिया जाना जरुरी

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने सशस्त्र बल के कांस्टेबल को बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी को न केवल आरोपों का सामना करने का, बल्कि प्रस्तावित दंड का विरोध करने का भी उचित अवसर दिया जाना चाहिए।

- सशस्त्र बल के कांस्टेबल का बर्खास्तगी आदेश निरस्त

याचिकाकर्ता शिव पूजन गर्ग छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई, जिला दुर्ग की 7 वीं बटालियन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। 15 अक्टूबर 2017 को एक दूसरा कांस्टेबल बलजीत सिह को नशे की हालत में पाए जाने पर मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया। उस समय, बलजीत सिह याचिकाकर्ता शिव पूजन गर्ग द्वारा उत्पन्न बाधा के कारण भाग गया। इसके लिए शिव पूजन गर्ग को आरोप-पत्र जारी किया गया।

## दया अपील खारिज होने के बाद याचिका

बाद में कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। शिव पूजन गर्ग की दया अपील भी खारिज कर दी गई। इसके बाद शिव पूजन गर्ग ने अधिवक्ता टीके झा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश की। याचिका में तर्क दिया कि याचिकाकर्ता पर लगाया गया बर्खास्तगी का दंड पूर्व में दिए गए दंडों पर आधारित था, लेकिन यह तथ्य दिनांक 8 अगस्त 2019 को दूसरे कारण बताओ नोटिस में प्रकट नहीं किया गया था। पिछली सजाओं का खुलासा नहीं करने से दंड आदेश का उल्लंघन हुआ है। याचिका में जस्टिस राकेश मोहन पांडेये की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने माना कि किसी कर्मचारी पर बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई से पहले सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक व्यक्ति-एक...

नए चेहरों को लिया गया है।

**महापौर बनने वाले भी हटाए गए -**

इसी के साथ प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा और उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव महापौर बन गए हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। सातों मोर्चा के अध्यक्ष भी बदले गए हैं। किसान मोर्चा के अध्यक्ष तोखन साहू केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया और एक प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी को महिला आयोग का सदस्य बना दिया गया है। इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है।

### भगत बाहर भाजयुमो...

योगराज टिकरिहा को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वे दस साल तक एबीवीपी की राजनीति में सक्रिय रहे। पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी रहे। सहकारिता प्रकोष्ठ में पूर्व जिला संयोजक रहे।

### महिला मोर्चा को...

पीएसी की सदस्य रही है। बिलासपुर हाईकोर्ट में अधिवक्ता भी है। पिछले विधानसभा चुनाव के मेनिफेस्टो समिति की सदस्य भी रहीं।

### नंदन जैन की...

अब राम गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पुराने संगठन के कई लोगों को प्रमोट कर उपाध्यक्ष और मंत्री बनाया गया है।

### राहुल बने भाजयुमो...

ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की सहमति एवं अनुमति से प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। बीजेपी ने अपने संगठन विस्तार में 3 महामंत्री, 8 मंत्री, 4 उपाध्यक्ष, 6 सह मंत्री और 22 सदस्यों को शामिल किया है। इनमें से 8 मंत्रियों को अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि हर मोर्चे पर पार्टी एक्टिव रहे। ये नियुक्तियां आने वाले चुनाव और संगठन को मजबूत करने के लिए किया गया है।

**यशवंत, अखिलेश और नवीन महामंत्री-**

टीम किरण में आठ उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें जगन्नाथ पाणिग्रही, रामजी भारती, रुपकुमारी चौधरी, रंजना साहू, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, नंदन लाल जैन, जी. वेंकटेश्वर, सतीश लाटिया शामिल हैं। वहीं यशवंत जैन, अखिलेश सोनी एवं नवीन मारकंडे को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। प्रदेश मंत्री के रूप में संध्या परगनिहा, शिवनाथ यादव, जयंती पटेल, अमित साहू, जितेन्द्र कुमार वर्मा, हर्षिता पाण्डेय, विद्या सिदार, ऋतु चौरसिया की नियुक्ति की गई है। प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राम गर्ग को सौंपी गई है। कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज एवं सह प्रभारी प्रीतेश गांधी को बनाया गया है।

**संतोष को मिली मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी -**

सांसद संतोष पांडेय को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं देवलाल ठाकुर, नलिनीश ठोकने, अमित चिमनानी, शिवनारायण पाण्डेय, प्रमोद कुमार शर्मा, टेकेश्वर जैन, डॉ. विजय शंकर मिश्रा, किरण बघेल, वेदराम जांगड़े, शताब्दी पाण्डेय, केएल चौहान, उज्जवल दीपक को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है।

### 7 मोर्चा और प्रकोष्ठों...

मोर्चा, डॉ. सनम जांगड़े को प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा, सत्यनारायण सिंह को प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा, मखमूर इकबाल खान को प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, अवधेश सिंह चंदेल को प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक, चुन्नीलाल साहू को प्रदेश प्रकोष्ठ सह-संयोजक, हेमंत पाणिग्रही को मीडिया संयोजक, मितुल कोठारी को सोशल मीडिया संयोजक, सुनील पिल्लई को आईटी संयोजक बनाया गया है।

### भूपेश बघेल ने...

डीएमएफ और सीएसआर में भ्रष्टाचार को लेकर कुछ सवाल खड़े किए थे। न जवाब दिया गया, न जाँच हुई और न कार्रवाई हुई। उल्टा उनको पहले नोटिस दिया गया और अब भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष के पद से भी हटा दिया गया। एक आदिवासी युवा नेता को यह संदेश दिया गया है कि अडानी की टीम के खिलाफ बोलोगे तो कीमत चुकानी पड़ेगी। आदिवासियों का जल-जंगल-जमीन छीनने के बाद अब भाजपा आदिवासियों से नेतृत्व भी छीन रही है।

### बाइक चलाते समय ...

तिर्की बिशप हाउस में रहकर माली का काम करता था। युवक अपनी बाइक से किसी काम से बुधवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इस दौरान अचानक ही युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे गिर गया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें सपष्ट नजर आ रहा है कि अचानक युवक अपनी बाइक को संभालने का प्रयास कर रहा है लेकिन वह रिंग रोड मंजूषा अकेडमी के पास जमीन पर गिर गया। युवक पीठ के बल जमीन पर गिरा था।

### छोटे-छोटे कमरों...

हैं, कोई बड़ी दुर्घटना होगी तो जिम्मेदार कौन होगा। दरअसल, प्रदेश के कई निजी स्कूल बिना किसी मान्यता के नर्सरी से लेकर कक्षा 8 वीं तक की पढ़ाई करा रहे हैं। इस मामले को लेकर विकास तिवारी ने जनहित याचिका दायर की है। यह याचिका उन स्कूलों के खिलाफ दायर की गई थी, जिन्होंने आरटीई कानून के तहत गरीब तबके के बच्चों को प्रवेश नहीं दिया, जबकि वे इसके लिए बाध्य थे। आरोप यह है कि ये स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं और सरकारी सब्सिडी और नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी फीस वसूल कर रहे हैं।

गौरतलब है कि सामाजिक कार्यकर्ता ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि गरीब और वंचित परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए शिक्षा का अधिकार आरटीई अधिनियम 2009 लाया गया था। याचिका में बताया गया कि वर्तमान में जगह-जगह स्कूल खोल दिए गए हैं।

### पीएचई में सब इंजीनियर...

है कि पीएचई ने मार्च 2025 में सब इंजीनियर सिविल के 118 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। इस विज्ञापन में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसा कर विभाग के अफसर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सीधे तौर पर उल्लंघन कर रहे हैं।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता अनुसूचित जनजाति वर्ग की अभ्यर्थी है और रोस्टर नियम का पालन नहीं होने के कारण वह एक अच्छे अवसर से वंचित हो रही है।

**दस्तावेज परीक्षण के लिए नहीं बुलाया--**

याचिका के मुताबिक पीएचई में सब इंजीनियर भर्ती के लिए जारी 102 पद में 52 अनारक्षित, 15 एससी, 20 एसटी व 15 प्रतिशत ओबीसी के लिए आरक्षित रखा गया है। विज्ञापन में शर्त रखी गई कि चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र 3 मई 2023 के अनुसार व सुप्रीम कोर्ट के अंतिम आदेश के अध्याधीन रहेगा। याचिका के अनुसार लिखित परीक्षा पास होने के बाद 10 जुलाई को पत्र लिखकर दस्तावेजों के परीक्षण के लिए बुलाया। 16 जुलाई को लिखे पत्र में एसटी कैटेगरी में 19 वें नंबर पर आने के कारण उसे नहीं बुलाया क्योंकि पीएचई ने 32 के बजाय एसटी आरक्षण को 20 प्रतिशत कर दिया है।

### राहुल के नेतृत्व...

सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग शामिल है।

भाजपा सांसद ने वायनाड, रायबरेली, डायमंड हार्बर, कन्नौज, मैनपुरी और कोलाथुर में लाखों संदिग्ध वोटरों, डुप्लीकेट वोट, फर्जी पते, उम्र में हेरफेर और मास एडिशन के ठोस आंकड़े पेश करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष घुसपैठियों के वोट बैंक को बचाने और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस फर्जीवाड़े को बढ़ावा देता है और चुनावी सुधारों का विरोध करता है। ठाकुर ने राहुल, प्रियंका, अखिलेश, अभिषेक और स्टालिन से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि "चोर मचाए शोर" की तर्ज पर विपक्ष लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

भी दी थी कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी।

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

दर-दाँत (गम पेंट)®
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु तीन चार लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9131112769, 9826744475 (38461)

**आवश्यकता है-** सामान छोड़ने और पैक करने के लिए मेहनती लड़कों एवं कम्प्युटर आपरेटर की आवश्यकता है इच्छुक उम्मीदवार जल्द से जल्द संपर्क करें अनुज एसोसिएट्स पुराना हाईकोर्ट बिलासपुर 9669916000 (38459)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नम्बर 2, बिलासपुर 998197085 (38460)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर व्यापार विहार तेलीपारा पुराना बस स्टैण्ड सरकंडा कोनी सिरगिट्टी परसदा तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड चाहिए वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 9589316942 (38464)

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (38451)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में रख रखाव, सफाई, पैकिंग, माल डिलीवरी कार्य हेतु कार्यकर्ता की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- यूनिवर्सल ट्रेडर्स 50/51 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38462)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 10बजे से रात 10बजे वेतन 10000 प्रतिमाह सम्पूर्ण बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- सदर बाजार बिलासपुर 9770507206 (38455)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर, कामवाली बाई चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार, आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 8253010291, 8889997826 (38449)

**आवश्यकता है-** मेडिकल बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर युवक/ युवती एवं गोडाउन कार्य हेतु ग्रेजुएट अनुभवी युवक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मालिकराम मेडिकल एजेंसी बिलासपुर (38438)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर शोरूम में काम करने हेतु सेल्समैन लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में, नूतन चौक, सरकण्डा, बिलासपुर 9827497999 (38431)

**आवश्यकता है-** पार्सल डिलवरी करने हेतु लड़कों की जरूरत है तथा मेडिकल में कार्य हेतु लड़के की जरूरत है मो. 8319774327, 7489874508 (38426)

**आवश्यकता है-** 6वर्ष, 8वर्ष के बच्चों को घर आकर पढ़ाने हेतु फुल टाइम के लिए एक फ्रेशर युवती चाहिए, अधिकतम आयु 22वर्ष, शिक्षा 12 पास, वेतन 6000 से 8000 सम्पर्क करें- 7587259141 (38443)

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरुम में काम करने हेतु अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पूर्ण विवरण सहित सम्पर्क करें- कोसा क्रियेशन, जूनी लाइन, बिलासपुर (वेतन योग्यता अनुसार 6000 से 9000 प्रतिमाह) (38430)

**आवश्यकता है-** ज्वेलर्स शोरूम में सेल्स कार्य करने के लिए 5-6 लड़कियों/ लड़कों की आवश्यकता हैं सम्पर्क करें- श्री साई दीप ज्वेलर्स सदर बाजार बिलासपुर 8770878865 (38452)

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट TNC प्रोजेक्ट के मार्केटिंग+ टेलिकॉलिंग+ सेल्स कार्य हेतु 20पद शिक्षित युवक/युवतियां चाहिए। आकर्षक वेतन+ कमीशन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित दिनांक 18/04/2025 प्रातः 11 से 4 तक सम्पर्क- एफिनिटी ग्रोथ मार्केटिंग सॉल्यूशन 8982284910 स्काई टावर फर्स्ट फ्लोर गोविंदम पैलेस के सामने रिंग रोड-2, बिलासपुर (38435)

**आवश्यकता है-** इंदौर भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7415455110 9589217914 (367)

**आवश्यकता है-** साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 (38439)

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में चपरासी की। समय सुबह 9 से रात 9बजे योग्यता 10वीं पास, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सीए दिनेश अग्रवाल मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 9300501028, 7440969033, 07752403233 (38450)

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु वेटर, हेल्पर बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- न्यू हाईकोर्ट के पास बोदरी बिलासपुर 7000942962 9098976666 (38448)

**आवश्यकता है-** ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़की/ महिला ब्यूटीशियन की आवश्यकता है। वेतन 6000 से शुरू पता बबली ब्यूटी पार्लर दिल्ली आईएएस कोचिंग के पास मुंगेली रोड, बिलासपुर मो. 9630917372 (38428)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। योग्य, अनुभवी को प्राथमिकता। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शाह जेठालाल जादव जी ज्वैलर्स सिम्स चौक सदर बाजार बिलासपुर 9111888556 (38444)

**आवश्यकता है-** (M/F) सेल्स मैनेजर ,सेल्स मेन, हेल्पर (समय 10 से 8) सैलरी 8000 से 15000 सम्पर्क करें- Farmers Pride Organic Store, उसलापुर नेचर सिटी गेट से 200मी सकरी रोड 9179294949, 7389938413 (38434)

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केसरी होटल शिव-प्रभा, पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251,89669-81590 (795)

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में सर्व कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी. प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790 (38441)

**आवश्यकता है-** ज्वैलर्स शॉप में कार्य करने हेतु सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- छेदीलाल मोतीलाल ज्वैलर्स, सदर बाजार, बिलासपुर 9827181112, 9981740000 (38436)

**आवश्यकता है-** रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114 (6764)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों एवं हॉटल साइड हेतु सुपरवाइजर जिसे सिविल कार्य का अनुभव हो व चौकीदार की आवश्यकता है, संपर्क - राजेश गुप्ता, मंगला रोड, सेंट पेलोटी के सामने बिलासपुर 7697041000 (38445)

**आवश्यकता है-** किराना दुकान में काम करने के लिये कर्मचारी की आवश्यकता है। (पुरुष/ महिला) वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किशनचंद किराना (करबला बिलासपुर) 8817018694 (38440)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित संस्थान के डायरेक्टर आवास में मेंटेनेंस/ ऑफिस संबधित कार्यो हेतु सुपरवाईजर/ केयर टेकर की आवश्यकता है योग्यता- 12वीं, स्वयं की बाइक, वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9519468455 (38437)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 समय सुबह 10 से 5:30 तक सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार बिलासपुर 6268331784 (6780)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20हजार महीना मो. 9039470547, 8815522974 (368)

## बेचना

**बेचना है-** प्लॉट बेचना है भरनी स्थित केन्द्रीय विद्यालय के सामने, सेन्ट जेवियर स्कूल के पास शुभारम्भ परिसर में डायवर्टेड आवासीय 3000 वर्गफीट प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें 9111822972 (38456)

**बेचना है-** देवरीखुर्द विजय नगर में 30x40=1240 वर्गफीट का प्लाट एवं सफेद खदान के पास बूटापारा में 20x40=1040 वर्गफीट का प्लाट बेचना है खरीददार ही संपर्क करें 9179260303, 8827910605 (38446)

**बेचना है-** TVS Apache RTR 180, कलर–मैट ब्लैक, Reg. तिथि. 13/07/2015, नए टायर(दोनों), बिना खरोंच, एक हाथ से चली हुई, कीमत मात्र 52999, संपर्क: 9770106457 (15461)

**बेचना है-** न्यू हाईटेक बस स्टैण्ड तिफरा यदुनन्दन नगर कॉलोनी में नवनिर्मित मकान/ दुकान/ आवासीय प्लाट/ कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- राजपाल कंस्ट्रक्शन मेन रोड यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9300671120 (38463)

## खरीदना

**खरीदना-** बिलासपुर से अधिकतम 15 कि.मी. की दूरी पर मेन रोड से लगी हुई कृषि भूमि खरीदना है। कृपया भूमि स्वामी ही सम्पर्क करें- 8349054531 (38365)

## कृषि उपकरण

**कृषि उपकरण-**सबसे कम दामों में ट्राली, टेंकर, हाइड्रोलिक ट्राली मल्टीक्रॉप थ्रेसर, कल्टीवेटर, केजव्हील, कोपर, दतारी, लेबलर सभी कृषि उपकरण, रिपेयरिंग, पेन्टिग एक्सचेन्ज हेतु सुविधा- किसान एग्रो गतौरी रतनपुर रोड 9827683510, 9827892413 (38268)

## किराया

**किराया-** विनोबा नगर गायत्री मंदिर के पास 2000 वर्गफीट में बना हुआ 2BHK प्रथम तल फूल फर्निश्ड, पार्किंग व सर्वसुविधायुक्त बंगला किराए से देना है संपर्क - 9827158359 (38424)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहें हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# सिनसिनाटी ओपन : अल्काराज ने मेडजेडोविक को दी शिकस्त, दर्ज की 2025 की 50वीं जीत

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने मेडजेडोविक को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।


अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ।

## एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में किया प्रवेश




## 95 मिनट तक चला कड़ा मुकाबला

अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक जबरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था।




## आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में

*22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं और हार मान रहे हैं। वहीं अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।*

## 'बार्बी डॉल' बनेगी वीनस




**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है, जिसे जल्द जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है, जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।

## वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से की अपने नाम

# वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा, पाक को 202 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| तारूबा

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 294 रन बनाए।

पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारुपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया।




### पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया से लगातार 8 मैच हारी कैरेबियाई टीम

यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया। होप ने ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित का जलवा, बाबर आजम को पछाड़ा, दूसरे स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा बढ़ती उम्र के साथ बेहतर होते गए हैं। कप्तानी हो या फिर बल्लेबाजी, दोनों किरदारों में रोहित ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। आईसीसी की हालिया वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर चले गए हैं।

आईसीसी ने बुधवार को वनडे रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में रोहित शर्मा एक स्थान ऊपर बढ़ते हुए दूसरे स्थान पर चले गए हैं। रोहित ने बाबर आजम को हटाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में बाबर आजम फ्लॉप रहे। इस वजह से उन्हें आईसीसी रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा है। शीर्ष दस बल्लेबाजों में बाबर आजम तीसरे नंबर पर चले गए हैं। 784 अंक के साथ शुभमन गिल पहले स्थान पर जमे हुए हैं। गिल और रोहित के रेटिंग अंकों के बीच 28 अंक का अंतर है। विराट कोहली चौथे, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल पांचवें, श्रीलंका के चरिथ असालंका छठे, आयरलैंड के हैरी टेक्टर सातवें, भारत के श्रेयस अय्यर आठवें, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान नौवें और श्रीलंका के कुसाल मेंडिस दसवें स्थान पर हैं।

### टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा नंबर वन बल्लेबाज

आईसीसी टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 829 की है। अब ट्रेविस हेड को हटाकर तिलक वर्मा ने दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। तिलक वर्मा की रेटिंग 804 की है। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ट्रेविस हेड दूसरे नंबर से हटकर तीसरे पर भी नहीं गए, वे सीधे नंबर चार पर पहुंच गए हैं। तीसरे नंबर पर अब फिल साल्ट ने अपना कब्जा जमा लिया है। फिल साल्ट को भी एक स्थान का फायदा मिलते हुए दिख रहा है। उनकी रेटिंग 791 की है।

## खालिद जमील ने किया दो साल का एग्रीमेंट

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि खालिद जमील को दो साल की अवधि के लिए पूर्णकालिक आधार पर सीनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है तथा अच्छे परिणाम हासिल करने पर उनके अनुबंध को आगे एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। एआईएफएफ ने कहा कि जमील ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी से अलग होने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फ़र्म "ब्रांड रियल्टी", अशोक नगर चौक, सरकंडा, बिलासपुर, जो कि फ़र्मों के पंजीयन से पंजीयन क्रमांक 222202084220 दिनांक 04/06/2020 के द्वारा पंजीकृत है, जिसके भागीदार राकेश तिवारी पिता स्व. मूलचंद तिवारी एवं अर्पण डेंगला उर्फ अर्पण अग्रवाल हैं, उक्त फ़र्म भागीदारों की आपसी सहमति से विघटित हो चुकी है। अतः इस फ़र्म के नाम से किसी भी प्रकार का लेन-देन न किया जाए, अन्यथा उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं की होगी, फ़र्म या उसके किसी भी भागीदार की नहीं होगी। सूचना जाने।

भवदीय,
राकेश तिवारी
पिता- स्व. मूलचंद तिवारी

## डोनारुम्मा ने तोड़ा पीएसजी से नाता

पेरिस। स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने टॉटेनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं।

## महिला वनडे सीरीज : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।




### यास्तिका और शेफाली ने की 77 रनों की साझेदारी

भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े, जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

## पोवार बने पश्चिम क्षेत्र के कोच



**मुंबई।** मुंबई के पूर्व बल्लेबाज किरण पोवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया, जो 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट इस सत्र में फिर क्षेत्रीय प्रारुप में खेला जाएगा, जिसका आयोजन बेंगलुरु के बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मैदानों में किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र से होगा। गुजरात के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पल्लव वोरा को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ की अन्य नियुक्तियों में डॉ जयदेव पंड्या को फिजियो, महेश पाटिल को 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच, प्रदीपसिंह चंपावत को टीम का विश्लेषक और आकाश चौधरी को मालिशिया नियुक्त किया गया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई- निविदा सूचना**

**निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-282-25-26, दिनांक: 06.08.2025**

**कार्य:** बिलासपुर डिवीजन में इंजन के अलावा टावर कार/टावर वैगनों का 02 वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध (एआरसी), **निविदा मूल्य:** ₹1,64,13,824.91, **बयाना राशि:** ₹2,32,100.00, **निविदा जमा करने की तिथि व समय:** दिनांक 29.08.2025 के 15:00 बजे तक। पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

व. म. विद्युत अभियंता (क.वि.)
दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, बिलासपुर
CPR/10/PR/233
South East Central Railway @secrail

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**॥ नोटिस ॥**

क्रमांक /78/ब-121 /2024-25/691

रायपुर, दिनांक 11 अगस्त, 2025

प्रति,

1. मेसर्स महामाया केमिकल्स, प्रो. ज्योति मिश्रा पति फणिन्द्र मिश्रा, 2.श्री फणिन्द्र मिश्रा व मूलचंद मिश्रा ( जमानतदार), दोनो का पता स्मृति भवन शिव मंदिर के पास विद्यानगर वार्ड नं. 16, जिला बिलासपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया पचपेढी नाका शाखा रायपुर की ओर से असद उल्लाफ शरीफ अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 1,09,74,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, आपके स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 78,61,526.55 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया पचपेढी नाका शाखा रायपुर से 1,09,74,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा मौदहापारा वार्ड नं. 36 रायपुर स्थित नजूल ख.नं. 2/14, 44/2, 2/76 एवं 2/77 ब्लाक नं. 95, 96 आनंद टाकिज के पास स्काय प्लाजा के भूतल पर स्थित शाप नं. 151 एवं 152 - ए बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे । आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18.08.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे । नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 11 अगस्त, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

कलेक्टर एवं जिला
दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा/2025/26,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए उल्लिखित तिथि को **15.00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और वह **15.30 बजे खुलेगी: क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना जमा (1); ई-केजीपी-दक्षिण-45-2025;** एडीएन (दक्षिण) के अधिकार क्षेत्र के तहत खड़गपुर- लक्ष्मणनाथ रोड खंड में मिशन 3000एमटी के तहत मौजूदा ब्रिज स्लैब को पीएससी स्लैब और अन्य संबद्ध कार्यों (57 पुल) द्वारा बदलना/खड़गपुर; **₹ 83,72,19,684.23;** ₹43,36,100.00 **(2); ई-केजीपी-दक्षिण-46-2025;** एडीएन (दक्षिण) के अधिकार क्षेत्र के तहत लक्ष्मणनाथ रोड-नूआगांव- मयूरभंज रोड खंड में मिशन 3000एमटी के तहत मौजूदा ब्रिज स्लैब को पीएससी स्लैब और अन्य संबद्ध कार्यों (49 पुल) द्वारा बदलना/खड़गपुर; **₹ 80,96,53,756.14;** ₹41,98,300.00;(3); **ई-केजीपी-दक्षिण-47-2025;** एडीएन/बीएलएस के अधिकार क्षेत्र के तहत नूआगांव- मयूरभंज रोड-भद्रक खंड में मिशन 3000एमटी के तहत मौजूदा ब्रिज स्लैब को पीएससी स्लैब और अन्य संबद्ध कार्यों (74 पुल) द्वारा बदलना; **₹ 78,33,87,135.64;** ₹ 40,66,900.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** ₹ 0.00 (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए); **खुलने की तिथि:** 03.09.2025 (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए); **कार्य की पूर्णता अवधि:** 36 महीने (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए); **बोली शुरू होने की तिथि:** क्रम संख्या 1 से 3 के लिए 20/08/2025 से और 03/09/2025 को 15:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोटः** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-517)

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।


## शब्द पहेली - 5958



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5957 का हल



## सूडोकु नवताल - 5968

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5967 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |




# शाम्भवी ने नृत्यमृत की पहल से कई रोगियों को दिया नव जीवन का दान

एजेंसी ▶▶| पटना

कहते हैं डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। लेकिन डॉक्टर की मदद लेना सबके बस की बात नहीं होती। उसकी वजह होती है अस्पतालों की भारी भरकम फीस और इलाज का इतना खर्चा कि आम आदमी उसे आसानी से वहन नहीं कर पाता। ऐसे समय में कुछ लोग मसीहा बनकर लोगों को जीवन में आते हैं। और, लोगों को जीवन दान देने में मदद करते हैं। ऐसे ही लोगों में से एक हैं बिहार की शाम्भवी शर्मा। जिन्होंने अपनी नृत्य कला के जरिए वो कर दिखाया है। जिसके बारे में सोच पाना भी सबके बस की बात नहीं होती. शाम्भवी की कला बहुत से लोगों के लिए नई जिंदगी की वजह बन रही है। बेतिया की रहने वाली शाम्भवी शर्मा ने कुचिपुड़ी नृत्य को एक नई पहचान दी है। उनके लिए यह सिर्फ मंच पर किया जाने वाला नृत्य नहीं, बल्कि लोगों के दिल और दिमाग को सुकून देने का एक तरीका है। पद्मश्री गुरु राजा राधा रेड्डी से नौ साल तक गहन प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने अपनी पहल 'नृत्यमृत' शुरू की। इसका मकसद है, शास्त्रीय नृत्य के जरिए लोगों के भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना। शाम्भवी का मानना है कि नृत्य केवल शरीर की हरकत नहीं, बल्कि भावनाओं और आत्मा की भाषा है। इसी सोच के साथ वह बच्चों, रोगियों और जरूरतमंद लोगों के बीच जाती हैं और उन्हें नृत्य के जरिए खुद से जुड़ना सिखाती हैं। जिसकी वजह से लोग इमोशनल और मेंटल पीस का अनुभव करते हैं।



## मन को सुकून देता है डांस

शाम्भवी का कहना है कि ये नृत्य उन्हें खुशी देता है। जब भी वह निराश महसूस करती हैं ऐसे में कुचिपुड़ी डांस उनके मन को सुकून देता है। उन्होंने बताया कि इस डांस के लिए उन्हें उनके पिता ने प्रेरित किया था और आज ये डांस उनके जीवन का सबसे जरूरी हिस्सा बन चुका है। शाम्भवी अपने भविष्य में पढ़ाई के साथ-साथ अपने इस डांस को भी जारी रखना चाहती हैं और इसके जरिए वो लोगों को खुशी देना चाहती हैं। शाम्भवी इन दिनों दिल्ली में रहकर अपनी पढ़ाई भी कर रही हैं और साथ ही अपनी पहल 'नृत्यमृत' के जरिए लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद भी कर रही है। इसके अलावा शाम्भवी का सपना है कि वो भी अपने माता-पिता की तरह प्रशासनिक सेवा में जाएं।

## बच्चों को सिखाया डांस

हाल ही में, दिल्ली की एक बस्ती में उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक छाप लिए 13 वंचित बच्चों के साथ खास सत्र किया। इस दौरान उन्होंने कुचिपुड़ी की शुरुआती मुद्राएं-समभंग और त्रिभंग सिखाईं। इन भावमुद्राओं ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी और उनके अंदर आत्मविश्वास का संचार किया. शाम्भवी के हर कदम में वर्षों की मेहनत झलकती है। राजगीर में हुए जी20 सम्मेलन में उनका प्रदर्शन इसकी गवाही देता है। उनका मानना है कि जब नृत्य में परंपरा और संवेदना का मेल होता है, तो यह सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला साधन बन जाता है। आने वाले दिनों में शाम्भवी दिल्ली में होने वाले एक कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाली हैं। बिहार से जुड़ी अपनी जड़ों और गुरु से मिले आशीर्वाद के साथ शाम्भवी आज देशभर में यह संदेश फैला रही हैं कि नृत्य सिर्फ देखने की चीज नहीं, बल्कि जीने और महसूस करने की एक खूबसूरत प्रक्रिया है।

# ये है दुनिया का सबसे बदसूरत कुत्ता, जीत चुका है लाखों का इनाम

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क



कैलिफोर्निया के सांता रोजा में 8 अगस्त को दुनिया का सबसे बदसूरत कुत्ता 2025 चुनने के लिए प्रतियोगिता हुई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने पालतू कुत्तों के साथ हिस्सा लिया। इंग्लिश फ्रेंच बुलडॉग मिक्स ब्रीड के दो साल के एक कुत्ते ने यह खिताब अपने नाम किया। बाल रहित इस बुलडॉग का नाम है पेटुनिया, जो अपनी मालकिन शैनन निमन के साथ ओरेगन में रहता है। पेटुनिया की जीत ने जजों को भी चौंका दिया। एक जज ने तो यह तक कह दिया कि पेटुनिया में योडा (हॉलीवुड फिल्म स्टार वार्स फ्रैंचाइज में एक काल्पनिक कैरेक्टर है), हिप्पो और चमगादड़ का मिश्रण है! बता दें कि पेटुनिया के अजीब लुक और ढेर सारी झुर्रियों ने ही उसे यह खिताब दिलाया है। पेटुनिया अब न सिर्फ दुनिया का सबसे बदसूरत कुत्ता बन चुका है, बल्कि इस प्रतियोगिता ने उसे 5,000 डॉलर (4 लाख, 38 हजार रुपए से ज्यादा) का नकद इनाम भी दिलवाया। यही नहीं, उसे एमयूजी रूट बीयर के लिमिटेड-एडिशन के बॉक्स पर भी जगह मिली है। जानकारी के अनुसार, पेटुनिया को लास वेगास के एक ब्रीडर से रेस्क्यू किया गया था। उसकी सेहत में सुधार हो रहा है, लेकिन सिर पर सिर्फ एक ही बाल बचा है। पेटुनिया की मालकिन शैनन ने बताया कि उसकी इसी खासियत ने उसे यह खिताब दिलाया है।

## एक नजर में प्रतियोगिता

सबसे बदसूरत कुत्ते की प्रतियोगिता 1970 के दशक से कैलिफोर्निया के सोनोमा-मरीन मेले में आयोजित होती आ रही है। इसकी शुरुआत ओल्ड एडोब एसोसिएशन के लिए पैसे इकट्ठा करने के लिए हुई थी। यह सिर्फ एक अनोखा कॉम्पिटिशन नहीं, बल्कि उन कुत्तों के लिए एक शानदार मौका है, जिन्हें आम तौर पर लोग नजरअंदाज कर देते हैं।

# दिल्ली के स्वतंत्रता समारोह में विशेष अतिथि होंगी बालोद की लखपति दीदी खिलेश्वरी


हरिभूमि न्यूजः रायपुर

बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। खिलेश्वरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत के तहत गठित जय संतोषी स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं, जिनका परिवार कुछ समय पूर्व मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर था, किन्तु खिलेश्वरी देवांगन की परिवार को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें एक नया मुकाम दिया है। उन्होंने अपनी मेहनत और उद्यमशीलता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव की एक नई कहानी लिखी है। उन्होंने बिहान योजना के अंतर्गत मुर्गीपालन और किराना दुकान का संचालन शुरू किया, जिसके जरिए उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि लाखों रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर लखपति दीदी का खिताब हासिल किया। इस कार्य के माध्यम से 2 करोड़ से अधिक की राशि क्षेत्र के समूहों को बैंक ऋण दिलाने में सहयोग रहा है। इस सेवा के लिए मासिक 6360 रुपए राशि मानदेय के रूप में प्राप्त हुई है तथा खेती कार्य के साथ-साथ मुर्गी पालन, मछली पालन, किराना दुकान, फैंसी स्टोर गतिविधि प्रारंभ की गई। इस कार्य के लिए स्वयं के तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सीआईएफ की राशि का उपयोग कर मुर्गी शेड का निर्माण, मुर्गी पालन के लिए डिंकर फ्रीडर की व्यवस्था की गई।

## जमीन बंटवारे के विवाद पर मारपीट

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने जमीन बंटवारे के विवाद पर मारपीट करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी गोवर्धन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ एवं गौतम यादव ने जमीन बंटवारा को लेकर विवाद किया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com